54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.3 °c
अधिकतम 34.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:55, सूर्यास्त - 6:43 | वर्ष : 54/ अंक : 239 | रविवार, 30 अगस्त 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

सच्चा सुख बाहरी चीजों में नहीं, बल्कि अपने अंदर की शांति में मिलता है !

**सपा सरकार बनेगी तो अस्पतालों में गरीबों से नहीं मांगा जाएगा कोई कार्ड, इलाज होगा मुफ्त : अखिलेश यादव**



जो कार्ड बने हुए हैं उनका क्या?.....

# एक ही दिन में गई सात गोवंशों की जान, वोट बंटोरने वालों से नहीं दिया जा रहा एक श्मशान

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** लम्बे समय से गौ माता की सेवा करने वाले गौ सेवकों ने गोवंशों के अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान की मांग की हुई है, मगर पिछले कई वर्षों से नेतागिरी कर रहे वोट बंटोरने वाले नेताओं से हिन्दुत्व की बड़ी-बड़ी बातें और गोरक्षा के बड़े-बड़े दिखावे करने के अलावा अभी तक कुछ नहीं हुआ है। हो सकता है कि आने वाले कुछ माह में इनसे इसलिए कुछ हो जाए, क्योंकि फिर एक बार वोट बंटोरने का समय आ रहा है। फिलहाल तो जीते जी भी और मृत्यु के बाद भी गोवंशों की दुर्दशा ही हो रही है। लगातार गौ माता की निःस्वार्थ सेवा करने वाले कई गौ सेवक जिनमें नीशू, अमन, विवेक शर्मा, शुभम शर्मा, शिवम प्रजापति, दीपक प्रजापति आदि कभी नेताओं के दर पर जाकर गौ माता के अंतिम संस्कार के लिए श्मशान की जगह की मांग कर रहे हैं, मगर सिर्फ खोखले आश्वासनों के अलावा अभी तक कुछ नहीं मिल पाया। एक बार चरथावल रोड पर एक स्थान दिखाया भी गया, उसमें भी झोलबाजी साफ दिखाई दी, क्योंकि जो जगह श्मशान के लिए उपलब्ध कराई जा रही थी, उसका कोई सरकारी रास्ता था ही नहीं। उस जगह के आगे प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों ने प्लॉटिंग कर रखी है,



जिस दिन यहां मकान बनकर तैयार हो जाएंगे, उस दिन गोवंशों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय रास्ते की कोई जगह ही नही रहेगी। या तो प्रॉपर्टी डीलरों से पंगा मोल लेकर आए दिन लड़ाई-झगड़ा किया जायेगा या फिर सरकार का दिया हुआ यह श्मशान स्थल छोड़ना पड़ेगा। ऐसे में सभी हिन्दू संगठनों ने मिलकर संयुक्त रूप से इस स्थान के लिए साफतौर पर मना कर दिया था और बता दिया था कि विवादित स्थान गो माता के लिए कोई नहीं लिया जाएगा। उक्त मामले में कई बार गो सेवक कलेक्ट्रेट जाकर भी स्वयं जिलाधिकारी, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट आदि अधिकारियों से अलग-अलग मांग कर चुके हैं, मगर अफसोस की बात है कि किसी प्रकार का कोई समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। बड़ी बात यह है कि जो हिन्दूवादी नेता बड़ी-बड़ी बातें करते हुए सत्ता पर आसीन होते हैं, उनसे यह मामूली सा काम भी नहीं हो पाया। हो सकता है कि दोबारा गौ सेवकों पर एहसान करते हुए वे चुनाव आने से पहले गौ माता के लिए श्मशान की व्यवस्था करा दें, और इसी बात के इंतजार में बैठे हों कि गो माता के कार्य के लिए भी वाहवाही लूटेंगे और फिर जनता को भावुक करके इस नाम पर वोट बंटोरेंगे। फिलहाल तो मृतक गोवंशों का अंतिम संस्कार करने के लिए कोई उचित स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा।

### अलग-अलग स्थानों पर अंतिम संस्कार करने पर गो सेवकों पर कई बार हो चुके मुकदमे

**मुजफ्फरनगर।** निःस्वार्थ भाव से गौवंशों की सेवा करने वाले गौभक्त कभी रामपुर तिराहे पर, कभी काली नदी के आसपास तो कभी रेलवे ट्रैक के इर्द-गिर्द व बाईपास के चारों ओर गो वंशों का अंतिम संस्कार करने के लिए ले जाते हैं तो सबसे पहले तो उन्हें आम जनता के विरोध का सामना करना पड़ता है और लोग उन्हें धक्के देने तक को तैयार रहते हैं। कैसे-कैसे करके गौ सेवक कभी किसी दिशा में तो कभी किसी जमीन पर गोवंशों का अंतिम संस्कार तो कर आते हैं, मगर उसके बाद उनकी जो फजीहत होती है, वे वही जानते हैं। अमन गो सेवक और उनके सहयोगियों पर तो रेलवे विभाग ने तार तोड़ने का आरोप लगाकर मुकदमा लिखवा दिया था, जिसकी जानकारी वोट बंटोरने वाले नेताओं को भी बखूबी है। इसके बावजूद भी किसी प्रकार की कोई व्यवस्था अंतिम संस्कार के लिए जमीन की कराने में नेता नाकामयाब रहे हैं।

### नगर पालिका से मिलती है जेसीबी और गाड़ी की मदद

**मुजफ्फरनगर।** गो वंशों के अंतिम संस्कार की बात हो तो नगर पालिका इसमें अपना सहयोग दे रही है। जब भी कोई गोवंश नाले में गिर जाता है अथवा घायल अवस्था में पाया जाता है तो उसे उठाने के लिए और गोशाला तक पहुंचाने के लिए जेसीबी भी उपलब्ध कराती है साथ ही साथ चार पहिया वाहन भी मुहैया कराती है। इसके अलावा कोई और सुविधा किसी नेता की ओर से या किसी विभाग की ओर से उपलब्ध नहीं होती।

NPP MZN

### इन सात अलग-अलग स्थानों से उठाई गयी गायों का विवरण

**मुजफ्फरनगर।** वार्ड-17 की अलग-अलग गलियों से 4 गाय, वार्ड-15 के मौहल्ला एकता विहार से 1 गाय, कृष्णापुरी के वार्ड से 1 गाय, वार्ड-32 से 1 गाय। इस प्रकार कुल सात गाय एक ही दिन में गौ सेवकों की ओर से उनका अंतिम संस्कार कराया गया।

## दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी 3.89 महंगी: कीमत 83 प्रति किलो से बढ़कर करीब 87 हुई

**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत 3.89 रुपए प्रति किलो बढ़ गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के मुताबिक, नई कीमत शनिवार सुबह 6 बजे से लागू होगी। इसके बाद दिल्ली में सीएनजी 83.09 से बढ़कर 86.98 प्रति किलो हो जाएगी। इस साल सीएनजी के दाम में यह पांचवीं बढ़ोतरी है। आईजीएल के मुताबिक, इस बार कीमत बढ़ाने की मुख्य वजह पीएनजी की बढ़ती आयात लागत, अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में तेजी और सीएनजी की बढ़ती मांग है। इससे पहले मई में पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के चलते आईजीएल ने 10 दिनों के भीतर चार फेज में सीएनजी के दाम कुल 6 प्रति किलो बढ़ाए थे। नई कीमतों के बाद नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी सीएनजी 95.59 प्रति किलो हो गई है। मेरठ में इसकी कीमत 95.47 और गुरुग्राम में 92.01 प्रति किलो है। पेट्रोल और डीजल की तरह सीएनजी के दाम भी अलग-अलग राज्यों में अलग होते हैं। इसकी एक वजह राज्यों में लागू अलग-अलग वैट दरें हैं। दिल्ली में कीमत बढ़ने के बावजूद आईजीएल ने कहा है कि सीएनजी उपभोक्ताओं के लिए दूसरे ईंधनों के मुकाबले किफायती विकल्प बनी हुई है। आईजीएल ने बताया कि पश्चिम एशिया में संकट बढ़ने से होर्मुज स्ट्रेट के जरिए सीएनजी की सप्लाई और माल ढुलाई प्रभावित हुई है। संकट से पहले की तुलना में अब वैश्विक सीएनजी कीमतें करीब दोगुनी हो गई हैं। यूरोप में सर्दियों से पहले गैस भंडारण बढ़ाने की जरूरत ने भी कीमतों पर दबाव बढ़ाया है। आईजीएल के मुताबिक, भारत में सीएनजी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इनपुट गैस का बड़ा हिस्सा आयातित स्पॉट पीएनजी से पूरा किया जा रहा है। महंगी पीएनजी और बढ़ती घरेलू मांग से पीएनजी की इनपुट गैस लागत बढ़ी। इसी असर को कम करने के लिए कंपनी ने सीएनजी के दाम 3.89 प्रति किलो बढ़ाए।

# मुजफ्फरनगर में मिले स्वाइन फ्लू के 11 मरीज

## शासन स्वाइन फ्लू के फैलाव को लेकर चिंतित, लेकिन जिले के अधिकारी लापरवाह

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर में स्वाइन फ्लू एन1 एन1 के 11 मरीज मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर लापरवाह बना हुआ है। जिला स्तर पर अभी भी अधिकारी इसे लेकर खामोश हैं और यहां कोई भी मामला सामने ना आने की बात कह रहे हैं, जबकि शासन स्तर से मुजफ्फरनगर में 11 मरीजों के मिलने की पुष्टि की गई है। सीएमएस का कहना है कि यह तमाम मामले मेरठ में जांच के बाद सामने आए हैं।

जिले में स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। जिले के स्वास्थ्य अधिकारी इसे लेकर लापरवाह हैं या खामोश। कई दिनों से चल रहे स्वाइन फ्लू के प्रकोप के बाद निजी क्लीनिकों पर बुखार और खांसी से पीड़ितों की बाढ़ आई है और जानकारों का कहना है कि बाजार में इससे संबंधित दवाइयों की भी शार्टेज चल रही है। सीएमओ से जब इस बारे में बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। जिला चिकित्सालय में सीएमएस डॉ. संजय कुमार वर्मा ने जिले में 11 स्वाइन फ्लू मरीजों की जानकारी सामने आने की बात तो कही, लेकिन उनका कहना था कि जिला चिकित्सालय में अभी इस तरह की कोई पुष्टि नहीं हुई है। उनका कहना है कि मेरठ के अस्पतालों में जांच के बाद 11 मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इसके प्रारंभिक लक्षण सामान्य बुखार और खांसी वाले होते हैं। ऐसे में जिन मरीजों में सामान्य लक्षण होते हैं उन्हें उपचार दिया जा रहा है और गंभीर स्थिति होने पर भर्ती किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां इसकी जांच की कोई सुविधा नहीं है। अभी तक कोई सैंपल भी यहां से जांच के लिए नहीं भेजे गए हैं। कल से संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए मेरठ मैडीकल कॉलेज भेजने का काम शुरू किया जाएगा। उनका कहना था कि दवाओं की कोई कमी नहीं है और चिकित्सकों को इसे लेकर सावधानी बरतने को कहा गया है। डॉ.वर्मा ने कहा कि जो मामले सामने आए हैं उनके संपर्कों की भी जांच की जाएगी। उन्होंने स्वाइन फ्लू के लक्षण वाले लोगों से भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचने, मास्क पहनने, हाथ धोने और फ्लू जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी है। इसमें बुखार के साथ खांसी शामिल है।

**बच्चों व बुजुर्गों का रखें खास ध्यान**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो एच1एन1 ज्यादा गंभीर रोगों का कारण नहीं बनता है, पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिए ये खतरा बढ़ाने वाला हो सकता है। गंभीर मामलों में स्वाइन फ्लू से फेफड़ों-हृदय और आंखों पर भी असर हो सकता है। उनका कहना है कि एच1एन1 हमारे लिए कोरोना जैसा कोई नया वायरस नहीं है। हम पहले भी इससे मुकाबला करके हरा चुके हैं। इसमें कोई नया म्यूटेशन भी नहीं है जिसको लेकर लोगों को डरने की कोई जरूरत है। पहले से हमारे पास इसकी वैक्सीन मौजूद है। इससे कोई महामारी जैसी स्थिति बनने की आशंका नहीं है। हां इतना जरूर है कि इसके लक्षण वाले लोगों को संपर्कों से बचाकर फैलने से रोका जाए।

**स्वाइन फ्लू के लक्षण**

तेज बुखार या ठंड लगना (हालांकि हर मरीज को बुखार हो, यह जरूरी नहीं है), सूखी खांसी और गले में खराश, शरीर और मांसपेशियों में तेज दर्द, अत्यधिक थकान और कमजोरी, सिरदर्दनाक बहना या नाक बंद होना, कुछ मामलों में उल्टी और दस्त (यह सामान्य फ्लू की तुलना में स्वाइन फ्लू में अधिक देखा जाता है, खासकर बच्चों में)। गंभीर लक्षण जिनमें तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता होती है, उनमें शामिल हैंः साँस लेने में कठिनाई या साँस फूलना, सीने में दर्द या दबाव, लगातार चक्कर आना या भ्रम होना, गंभीर या लगातार उल्टी होना, त्वचा या होठों का नीला पड़ना। यदि इनमें से कोई भी गंभीर लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सा सहायता लेना महत्वपूर्ण है। लक्षणों को जल्दी पहचानना बीमारी को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में बड़ा अंतर ला सकता है।

**घबराएं नहीं, स्वाइन फ्लू का इलाज है**

प्रमुख फिजीशियन डॉ. एमके बंसल का कहना है कि ये एच1एन1 ज्यादातर लोगों में अपने आप होकर ठीक भी हो जाता है। कुछ लोगों में इससे न्यूमोनिया होने और अस्पताल में भर्ती होने का खतरा हो सकता है। बच्चे-बुजुर्ग या पहले से बीमार लोगों में ये दिक्कत ज्यादा हो सकती है। बीमारी का पता चलने पर स्वाइन फ्लू से बचाव का सबसे सबसे आसान तरीका फ्लू वैक्सीन लेना है। अपने डॉक्टर की सलाह पर आप फ्लू का टीका ले सकते हैं। ये आपको संक्रमण होने पर इसके गंभीर रूप लेने से बचाने में मददगार हो सकती है। खांसी या छींक आने पर मुंह-नाक ढकना, हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखना, बीमार होने पर दूसरों से दूरी रखना और भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहचनना संक्रमण के जोखिम को कम करने में काफी मददगार हो सकती है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और पहले से बीमार लोगों में फ्लू के लक्षण गंभीर हों तो डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

## यूपी: अचानक स्वास्थ्य निदेशालय पहुंचे डिप्टी सीएम

**लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को अचानक स्वास्थ्य महानिदेशालय पहुंचे। उनके सामने होप और अस्पतालों की व्यवस्था की पोल खुल गई। उप मुख्यमंत्री ने कई अधीक्षकों को व्यवस्था सुधारने के लिए चेतावनी दी। महानिदेशक (स्वास्थ्य) डा. पवन कुमार अरुण को निर्देश दिया कि लापरवाही बरतने वालों की तत्काल वेतन वृद्धि रोकी जाए। प्रदेश में फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। बुखार के मरीजों के लिए अलग से काउंटर बनाने, भर्ती के लिए वार्ड तैयार रखने और दवाओं के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह करीब 8 बजे स्वास्थ्य महानिदेशालय पहुंचे। उप मुख्यमंत्री के अचानक पहुंचने से महानिदेशलाय में हड़कप मच गया। आनन- फानन में महानिदेशालय से जुड़े अफसर मौके पर पहुंचे। वह सीधे अस्पतालों की निगरानी के लिए बने हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर्स इवैल्यूएशन पहुंचे। यहां की व्यवस्थाओं को देखा। कार्यरत कर्मचारियों से निगरानी के तरीके पूछे। इस दौरान कई कर्मचारी हड़बड़ा गए। कुछ अस्पतालों के वार्ड कनेक्ट नहीं हो सके। ऐसे में होप संचालक को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने संयुक्त जिला चिकित्सालय, बाराबंकी की इमरजेंसी की सफाई व्यवस्था पर नराजगी जताई। बेड बदलते वक्त तीमारदारों का सहयोग लेने पर व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया।

# दलित युवक का शव सिंचाई की नाली से बरामद

**▶▶ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, कार्रवाई की मांग**

**भोपा, 29 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा से दो दिन पूर्व लापता हुए युवक का क्षत-विक्षत शव गांव के ही एक व्यक्ति के खेत की सिंचाई की नाली से बरामद होने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने भोपा थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए युवक की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मौके से कई संदिग्ध वस्तुएं बरामद करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी प्रदीप कुमार शनिवार सुबह अपने खेत में पशुओं के लिए चारा लेने आया था। जैसे ही वह गन्ने के खेत से होता हुआ अपने खेत के पास पहुंचा, तभी गांव निवासी किसान के खेत की सिंचाई की नाली में एक युवक का शव पड़े देख उसकी चीख निकल गई। भागते दौड़ते वह किसी तरह गांव में पहुंचा और ग्रामीणों को मामले को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके की ओर दौड़ पड़ी और मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, तो शव की पहचान गांव अलीपुरा निवासी अंकुल कुमार पुत्र धीर सिंह 28 वर्ष के रूप में हुई। अंकुल के शव से एक हाथ का मांस पूरी तरह गायब था और मात्र हड्डी लटक रही थी, वहीं शव पूरी तरह क्षत-विक्षत था। उसके पिता धीर सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार को उसका पुत्र तेवड़ा मार्ग पर स्थित आटा चक्की पर गेहूं पिसवाने के लिए गया था, जिसके बाद वह वापिस नहीं लौटा। परिजन तभी से उसकी तलाश में जुटे हुए थे। परिजनों ने बताया कि उनके गांव के ही एक ग्रामीण ने गुरुवार की शाम उसके पुत्र के साथ नजदीकी गांव तेवड़ा के कुछ लोगों को बहस करते हुए देखा था, जिसके चलते पिता धीर सिंह ने अपने पुत्र अंकुल कुमार की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ संदिग्ध वस्तुएं अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव अलीपुरा निवासी धीर सिंह का सबसे बड़ा पुत्र अमृत चंडीगढ़ में रहकर किसी कंपनी में काम करता था, जहां बीते माह उसकी हृदयघात से मौत हो गई थी, तभी से पूरा परिवार गम के साए में जी रहा था अब दूसरे बेटे अंकुल की मौत से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। अंकुल की मौत के बाद पिता धीर सिंह, मां सुशीला, बहन अमृता व रीना और सबसे छोटे पुत्र बिट्टू का रो रोकर बुरा हाल है।





# मदरसे पर छठे दिन भी चला कानून का पंजा

**▶▶ पोकलेन से हटाए जा रहे चिन्हित निर्माण ▶▶ मौके पर भारी पुलिसबल तैनात**

**रतनपुरी, 29 अगस्त (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के फुलत गांव स्थित चर्चित दारुल उलूम रहीमिया मदरसे में प्रशासन की ध्वस्तीकरण कार्रवाई शनिवार को छठे दिन भी जारी रही। मदरसा परिसर में पोकलेन और बुलडोजर की मदद से प्रशासन द्वारा चिन्हित निर्माण को हटाने का काम लगातार किया जा रहा है। पिछले पांच-छह दिनों से चल रही कार्रवाई के चलते मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल भी तैनात है। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे भी मदरसा परिसर में मशीनों से निर्माण हटाने की कार्रवाई जारी थी। प्रशासन की ओर से की गई जांच में परिसर के कुछ निर्माण को कथित तौर पर अवैध पाए जाने का दावा किया गया था। इसके बाद संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किए गए और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन की कार्रवाई शुरू होने के बाद से मदरसा परिसर में लगातार बुलडोजर और पोकलेन मशीनें चल रही हैं। चिन्हित निर्माण को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। शनिवार को छठे दिन भी मशीनों के जरिए निर्माण हटाने का सिलसिला जारी रहा। दारुल उलूम रहीमिया मदरसा पहले धर्मांतरण से जुड़े मामले को लेकर चर्चा में आया था। इसके बाद मदरसे पर विदेशी फंडिंग से जुड़े गंभीर आरोप भी लगाए गए थे। हालांकि, इन आरोपों और उनसे संबंधित जांच के निष्कर्षों को मौजूदा ध्वस्तीकरण कार्रवाई से अलग देखा जाना जरूरी है। फिलहाल प्रशासन के अनुसार कार्रवाई का मुख्य आधार जांच में चिन्हित किए गए कथित अवैध-निर्माण और इस संबंध में जारी किए गए नोटिस हैं। लगातार छह दिनों से चल रही ध्वस्तीकरण कार्रवाई के कारण मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों की भी कार्रवाई पर नजर बनी हुई है। फिलहाल फूलत स्थित दारुल उलूम रहीमिया मदरसे में प्रशासन की



कार्रवाई छठे दिन भी जारी है। पोकलेन और बुलडोजर से चिन्हित निर्माण हटाए जा रहे हैं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर पुलिस बल तैनात है।

# गंगनहर में एक साथ बहते मिले दो अज्ञात शव



**भोपा, 29 अगस्त (बु.)।** जिले के भोपा थाना क्षेत्र में शनिवार को गंगनहर में दो अज्ञात शव एक साथ बहते हुए दिखाई दिए। गंगनहर के पानी में एक साथ दो शवों को बहता हुआ देखकर वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीणों हड़कम्प मच गया और देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। शवों को देखने के लिए उमड़ी इस भारी भीड़ के कारण मौके पर सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, गंगनहर में पानी का बहाव इस समय काफी तेज है और इसी तेज बहाव के बीच दोनों शव पानी में बहते हुए दिखाई दिए। बहते हुए मिले दोनों शव काफी सड़ी-गली अवस्था में बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी, जिसके बाद भोपा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को नहर से बाहर निकालने की कोशिशों में जुट गई। इस पूरे मामले को लेकर भोपा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि गंगनहर में दो डेड बॉडी कहीं से बहकर आई हैं। भोपा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के अनुसार, गंगनहर में मिले ये दोनों शव काफी सड़ी-गली अवस्था में हैं। भोपा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस की टीम दोनों शवों को नहर से बाहर निकालने का लगातार प्रयास कर रही है। हालांकि, गंगनहर में पानी का बहाव बहुत तेज होने के कारण शवों को सुरक्षित बाहर निकालने में पुलिस टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद हर कोई व्यक्ति यह जानने की कोशिश करता नजर आया कि ये शव किसके हैं और कहां से बहकर आए हैं। भीड़ लगातार बढ़ने के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो गई और मौके पर जाम जैसे हालात पैदा हो गए। इसके साथ ही, मृतकों की शिनाख्त के लिए आसपास के अन्य थानों से गुमशुदगी और अन्य संबंधित मामलों की जानकारी भी जुटाई जा सकती है। वहीं, इस मामले में सीओ भोपा लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है, फिर भी वह पूरे मामले को दिखवा रहे हैं। सीओ भोपा लक्ष्मण सिंह के अनुसार, पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी जुटा रही है।

## आखिर पांच साल तक कैसे कागजों में जिंदा रही मृतक खुर्शीदा

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** नगर पालिका के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की एक बड़ी चूक सामने आई है। करीब 14 साल पहले निधन हो चुकी महिला कागजों में पांच वर्ष पहले जिंदा हुई और वर्ष 2026 में फिर से कागजों में मृतक दर्शा दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आखिर इस बीच इसकी जानकारी मृतक खुर्शीदा के परिजनों को क्यों नहीं लगी? दरअसल आपको बता दें कि किदवई नगर निवासी खुर्शीदा का निधन 9 अगस्त 2012 को हुआ था। इसके परिजनों ने मृत्यु के कुछ वर्ष बाद खुर्शीदा के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जो वर्ष 2021 में नगर पालिका द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। तब से लेकर अब तक परिजनों को इस बात की जानकारी ही नहीं हो सकी कि उन्हें जो प्रमाण पत्र मिला है, वह जन्म प्रमाण पत्र है या मृत्यु प्रमाण पत्र। परिजनों द्वारा जब किसी कार्य के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र लगाया गया तो उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके द्वारा दिया गया खुर्शीदा का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बल्कि जन्म प्रमाण पत्र है। इसके बाद परिजन चौक गए और उन्होंने नगर पालिका की दौड़ लगाई। मामले का खुलासा हुआ तो ज्ञात हुआ कि पालिका द्वारा इस प्रकरण में बड़ी लापरवाही बरती गयी है। गलती को महसूस करते हुए पालिका के कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए तो तुरन्त पीड़ित से सभी कागजात लेकर तुरन्त खुर्शीदा का जन्म प्रमाण पत्र निरस्त कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस घटनाक्रम ने नगर पालिका की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया और रिकॉर्ड दर्ज करने में बरती जा रही सावधानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले पर जानकारी देते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अन्नू चौधरी ने बताया कि मृतका के परिजनों ने मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, लेकिन वर्ष 2021 में मृत्यु के स्थान पर जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ पाया गया। अब उस समय जो भी पद पर जिम्मेदार कर्मचारी कार्यरत रहा होगा, उसकी जांच की जा रही है, जिस किसी भी लापरवाही रही है, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभागीय स्तर पर संबंधित कर्मचारियों से जवाब तलब किया है।

**14 वर्ष पहले हो गयी थी मौत, 5 साल पहले बना जन्म प्रमाण पत्र, अब मिला परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र**

## खादरवाला की मुस्कान की सहारनपुर ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, बुलेट की मांग कर रहे थे ससुरालिये

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** थाना खालापार क्षेत्र के दक्षिणी खालापार के खादरवाला निवासी एक परिवार ने अपनी बेटी की ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और मृतका के पिता ने पुलिस-प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिणी खादरवाला निवासी इंतजार की बेटी मुस्कान की शादी करीब एक वर्ष पूर्व सहारनपुर जनपद के गांव कुंडा निवासी शाहनूर के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी में दहेज के रूप में मोटरसाइकिल दी गई थी, लेकिन ससुराल पक्ष इससे खुश नहीं था उनकी मांग लगातार बुलेट की कर रहे थे।





बताया गया कि कुछ समय से मुस्कान अपने मायके दक्षिणी खादरवाला में रह रही थी। परिजनों के अनुसार ससुराल पक्ष की ओर से उसे वापस ले जाने का दबाव बनाया जा रहा था। करीब चार दिन पूर्व मुस्कान के पिता इंतजार के मुताबिक, युवक के पिता और चाचा उसे मायके से अपने साथ ससुराल ले गए थे। परिजनों का कहना है कि शनिवार को एक रिश्तेदार के माध्यम से उन्हें सूचना मिली कि मुस्कान की ससुराल में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग आनन-फानन में सहारनपुर स्थित उसकी ससुराल पहुंचे। परिजनों के मुताबिक वहां मुस्कान मृत अवस्था में पड़ी मिली। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद मुस्कान का शव उसके मायके दक्षिणी खादरवाला लाया गया। शव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका के पिता इंतजार ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की मौत सामान्य नहीं है और उन्हें इंसाफ चाहिए। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लोन रिकवरी के लिए अब डरा धमका नहीं पाएंगे बैंक, आरबीआई ने रिकवरी रूल्स में किया बदलाव

**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसी)।** आजकल कोई भी लोन लेना पहले के मुकाबले आसान हो गया है। लेकिन किसी वजह से ईएमआई मिस हो जाए या लोन डिफॉल्ट हो जाए, तो बैंक ग्राहक के खिलाफ क्या कार्रवाई कर सकता है। इसे लेकर लोगों के मन में अक्सर कई सवाल रहते हैं। पिछले कुछ सालों में डिजिटल लेंडिंग, बैंक से लोन लेने और एटक पर चीजें खरीदने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। इसके साथ ही लोन रिकवरी के दौरान ग्राहकों के अधिकारों, प्राइवेसी और रिकवरी के तरीकों को लेकर भी चिंताएं बढ़ी हैं। आरबीआई का मानना है कि लोन की वसूली जरूरी है। लेकिन इसके लिए ग्राहकों के साथ निष्पक्ष और सम्मानजनक व्यवहार भी उतना ही जरूरी है। इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने रिकवरी प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट नियम बनाए हैं, ताकि लेंडर्स के अधिकार और ग्राहकों के हितों के बीच संतुलन बना रहे। इन्हीं सवालों के बीच हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लोन रिकवरी से जुड़े नियमों में कुछ अहम बदलाव किए हैं। नए दिशा-निर्देशों का मकसद ग्राहकों के अधिकारों की सुरक्षा करना और लेंडर्स की जिम्मेदारियां स्पष्ट करना है। आरबीआई ने लोन डिफॉल्ट और रिकवरी से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बैंक और फाइनेंस कंपनियां लोन की वसूली के दौरान ग्राहकों के साथ निष्पक्ष, पारदर्शी और जिम्मेदाराना व्यवहार करें। इसके तहत लोन रिकवरी के तरीकों, ग्राहकों के अधिकारों, लेंडर्स की जिम्मेदारियों और डिजिटल डिवाइस से जुड़े नियमों को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नए नियम 1 जनवरी, 2027 से लागू होंगे। पहले बैंक लोन वसूली के लिए ग्राहकों के फोन को दूर से लॉक कर देना। अब फोन लॉक नहीं किया जा सकेगा। रिकवरी के लिए ग्राहकों को




बार-बार फोन किया जाता था। नए नियमों में अब रिकवरी कॉल का रिकॉर्ड रखने और कॉल रिकॉर्ड करने का प्रावधान है। रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डराते-धमकाते और आक्रामक व्यवहार करते थे।अब आरबीआई ने कहा कि रिकवरी का तरीका ग्राहक के सम्मान और अधिकारों के खिलाफ नहीं होना चाहिए। रिकवरी एजेंट परिवार, दोस्तों को फोन कर ग्राहक पर दबाव बनाते थे। नए नियमों में ऐसे उत्पीड़न पर ज्यादा स्पष्ट सीमाएं लगाई गई हैं। अब तक डिवाइस में मौजूद कॉन्टैक्ट, एसएमएस, कॉल लॉग, फोटो और लोकेशन हिस्ट्री जैसे डेटा को रिकवरी के लिए इस्तेमाल किया जाता था। बैंक ने साफ किया है कि ये पर्सनल डेटा लोन रिकवरी के लिए यूज नहीं किया जा सकता।

## युवक ने दी नहर में कूदने की धमकी, परिजनों में मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। पत्नी के मायके से वापस न लौटने से नाराज एक युवक ने भोपा गंग नहर में कूदकर जान देने की धमकी दे डाली। युवक के नहर की तरफ जाने की आशंका पर घबराए परिजन सीधे थाने पहुंच गए और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी कुछ माह पहले अपने मायके गई थी। युवक उसे कई बार वापस लेने गया, लेकिन पत्नी ने ससुराल लौटने से इन्कार कर दिया। बीते शुक्रवार को भी युवक पत्नी को लेने गया था, लेकिन पत्नी ने वापस लौटने से इनकार कर दिया। इस बात से आहत होकर युवक ने गुस्से में अपने घर पर कहा कि अगर पत्नी वापस नहीं आई तो वह भोपा गंग नहर में कूदकर जान दे देगा। यह कहकर युवक घर से निकल गया। युवक के नहर की ओर जाने की बात सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला, जिसके बाद अनहोनी की आशंका के चलते परिजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ भागते हुए भोपा थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना बताई। सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है और नहर किनारे भी चेकिंग की जा रही है। वहीं परिजन भी उसकी तलाश में जुटे हैं। मामले में जानकारी देते हुए भोपा थाने के उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि युवक के सही सलामत घर लौटने की जानकारी मिली है, इसलिए तलाशी रोक दी गई है।

## गांधी कॉलोनी श्री श्री गोलोक धाम के पाटोत्सव पर आज ध्वज पूजा

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** गांधी कॉलोनी स्थित सिद्धपीठ श्री श्री गोलोक गोपेश्वर धाम में श्री राधा माधव जी का 24वां पाटोत्सव के भव्य आयोजन कल (आज) ध्वज पूजा के साथ प्रारंभ होंगे। पाटोत्सव के पहले दिन रविवार को प्रातः 7:00 बजे श्री श्री गोलोक धाम में दिव्य ध्वजा की पूजन एवं यात्रा श्री श्री गोलोक धाम की परिक्रमा का आयोजन होगा। मंदिर समिति के सतीश सेठी, रमेश खत्री, श्याम जसूजा ने बताया कि मंगलवार को प्रेमाभिसार रथयात्रा का आयोजन अपराह्न चार बजे से किया जाएगा। इसमें श्री जी और ठाकुर जी की पालकी मुख्य मार्गों पर भ्रमण करेगी। तीन और चार सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य फूल बंगला सजाया जाएगा। छह सितंबर को नंदोत्सव का आयोजन शाम सात बजे से होगा। इसमें भैया कृष्णदास भूटानी ठाकुर ठकुराइन का पुण्य गान करेंगे। गुरुवार दस सितंबर को छठी उत्सव रात्रि आठ बजे से होगा। इसमें भैया मनीष चौहान जी भक्ति रस बहाएंगे। यह आयोजन खतौली में श्री कुंद कुंद जैन पब्लिक स्कूल में होगा।





# महर्षि कश्यप सृष्टि के रचनाकार थे : राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप

## –महर्षि कश्यप की प्रतिमा एवं स्मारक निर्माण को किया भूमि पूजन

**जानसठ, 29 अगस्त (बु.)।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप सृष्टि के रचनाकार थे। वेद, पुराण और उपनिषद जैसे धार्मिक ग्रंथों में उन्हें श्रेष्ठ ऋषि के रूप में स्वीकार किया गया है। शनिवार को राज्यमंत्री ने कस्बे के मोहल्ला बुधबाजार स्थित महर्षि कश्यप धर्मशाला के परिसर में महर्षि कश्यप की भव्य प्रतिमा एवं स्मारक निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से 1 करोड़ 41 लाख 13 हजार रुपये की लागत से इस भव्य स्मारक का निर्माण कराया जाएगा। मौहल्ला बुधवार में भूमि पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज आज महर्षि कश्यप की संतान के रूप में खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भारतीय संस्कृति सनातन धर्म की देन है और सनातन धर्म की स्थापना भी भगवान महर्षि कश्यप के कारण ही प्रबल हुई। हमें उनके जीवन-दर्शन से सीख लेकर सही मार्ग पर चलना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि पहले सपा सरकार की पहचान हत्या और दंगों से होती थी। अब भाजपा की सरकार में दंगा कराने वालों को कोई बचाने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आज पूरी तरह अपराध और दंगा मुक्त हुआ है। सपा सरकार में विकास के पैसों की बंदरबांट होती था, जबकि भाजपा सरकार में विकास का एक-एक पैसा पूरी पारदर्शिता के साथ सही तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कार्यक्रम में खतौली विधानसभा के रालोद विधायक मदन भैया ने कहा कि जानसठ की जनता के लिए यह बेहद सौभाग्य की बात है कि यहां महर्षि कश्यप की भव्य प्रतिमा और स्मारक का निर्माण होने जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक ओमदत्त कश्यप, जयप्रकाश कश्यप रहे। इस दौरान कश्यप निषाद संगठन (युवा प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सागर कश्यप, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री रूपेंद्र सैनी, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन, रालोद नेता अशोक बालियान, अजीत राठी, पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, यशपाल कश्यप, एलडीबी के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, नेत्रपाल कश्यप, ब्रह्मदत्त कश्यप आदि उपस्थित रहे। संचालन रामकुमार कश्यप ने किया।

## शराब के ठेके की कैंटीन में मारपीट, दो घायल

**सिखेड़ा, 29 अगस्त (बु.)।** गांव बहादरपुर मोड़ के शराब के ठेके की कैंटीन में शराब पीने के दौरान पानी की बोतल को लेकर युवकों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो युवक घायल हो गए। मामला अलग-अलग समुदाय से जुड़ा होने की वजह से पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। शनिवार को सिखेड़ा क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी मोनू, भूपेंद्र, अपने रिश्तेदार मेरठ के दौराला निवासी शुभम पुत्र आनंद के साथ गांव बहादरपुर मोड पर स्थित देशी शराब के ठेके की कैंटीन में शराब पी रहे थे। वहां पर गांव निराना निवासी नबी और गांव पुरबालियान निवासी शाहरुख के साथ पहले से कैंटीन में शराब पी रहा था। पानी की बोतल को लेकर इनमें मारपीट हो गई। मारपीट में मोनू और नबी घायल हो गए। झगड़े की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। नई मंडी सीओ राजू साव ने बताया कि शराब के ठेके की कैंटीन पर मारपीट की घटना हुई है। मारपीट के मामले की तहरीर आने पर आरोपितो के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# अमेरिका ने वेनेजुएला का 65 अरब बैरल तेल कब्जाया: यह भारत की 40 साल की जरूरत के बराबर

**वॉशिंगटन डीसी/काराकस, 29 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिका ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल से ज्यादा तेल भंडार पर कंट्रोल हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। यह आंकड़ा इसलिए भी बड़ा है, क्योंकि अमेरिका के पास खुद करीब 46 अरब बैरल तेल है। भारत से तुलना करें तो देश हर साल करीब 1.6 से 1.7 अरब बैरल कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। इस हिसाब से 65 अरब बैरल तेल भारत के 40 साल के ऑयल इम्पोर्ट के बराबर है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, यह काम वेनेजुएला में काम करने वाली एक निजी कंपनी के साथ मिलकर किया जाएगा। इस साझेदारी से निकलने वाले तेल में अमेरिका को 55% हिस्सा मिलेगा। हालांकि, इस निजी कंपनी का नाम अभी नहीं बताया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे दुनिया की सबसे बड़ी डील बताया है। वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने भी इसे ऐतिहासिक समझौता बताया है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है। वहां 300 अरब बैरल से ज्यादा तेल मौजूद है। ट्रम्प जिस 65 अरब बैरल तेल पर अमेरिकी कंट्रोल की बात कर रहे हैं, वह वेनेजुएला के कुल तेल भंडार का करीब पांचवां हिस्सा है। वेनेजुएला के पास इतना बड़ा तेल भंडार होने के बावजूद वहां उत्पादन काफी कम है। आर्थिक संकट, निवेश की कमी और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण उसका तेल उद्योग लंबे समय से मुश्किल में है। इस डील में सबसे अहम बात अभी भी साफ नहीं है। अमेरिका को वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल का मालिकाना हक मिलेगा या सिर्फ उसके उत्पादन में बड़ा हिस्सा मिलेगा, यह समझना जरूरी है। अभी उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अमेरिका को साझेदारी से होने वाले तेल उत्पादन का 55% हिस्सा मिलेगा। लेकिन इस काम में शामिल निजी कंपनी का नाम और समझौते की पूरी शर्तें अभी सामने नहीं आई हैं। इसलिए 65 अरब बैरल तेल पर अमेरिका का कंट्रोल होने का मतलब यह नहीं है कि पूरा तेल अमेरिका का हो गया है। असल में अमेरिका को कितना अधिकार मिलेगा, यह डील की पूरी शर्तें सामने आने के बाद ही साफ होगा। राष्ट्रपति रोड्रिग्ज के मुताबिक, समझौते के तहत वेनेजुएला के 17 तेल क्षेत्रों को दोबारा विकसित किया जाएगा। इसमें 100 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश होने की बात कही गई है। उनका कहना है कि इस पूरे काम से वेनेजुएला की सरकार को आने वाले समय में करीब 209 अरब डॉलर टैक्स मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला अपने बड़े तेल भंडार का इस्तेमाल देश के विकास के लिए करना चाहता है।



# खेलेगा भारत, जीतेगा भारत की थीम के साथ मनाया गया खेल उत्सव

## – हॉकी प्रतियोगिता में डीएवी हॉकी एकेडमी रही विजेता, स्टेडियम टीम रही उपविजेता

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** जनपद स्तरीय खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित सभी को फिट इंडिया शपथ दिलाई गयी। राष्ट्रगान के साथ हुआ खेल उत्सव का समापन। शनिवार को जिलाधिकारी एवं सीडीओ के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा विभिन्न जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हुआ। हॉकी के जादूगर, भारत को 03 स्वर्ग पदक दिलाने वाले मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश राठौर, नगर मजिस्ट्रेट को प्रभारी क्रीड़ाधिकारी भूपेंद्र सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। डीएवी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर के खेल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेल प्रतियोगिता का संचालन उप क्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई एवं डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों श्री विजय, अजय जेमिनी रोशनलाल, पवन कुमार तथा यशपाल सिंह को जिला खेल कार्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेलों की 20 बालिका खिलाड़ियों को मेडल तथा स्पोर्टर्स किट देकर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में जिला खेल कार्यालय स्टाफ, खेल प्रशिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त आयोजन में डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश त्यागी का सराहनीय योगदान एवं सहयोग रहा। डॉ. राजीव कुमार द्वारा राष्ट्रगान के साथ उक्त आयोजन का सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।






## राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुजफ्फरनगर में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**मुजफ़्फ़रनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में खेलेगा भारत, जीतेगा भारत के तहत बॉडीबिल्डिंग, शूटिंग, खो-खो और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

रिजर्व पुलिस लाइन में यूपी पुलिस की बॉडी बिल्डिंग टीम और पुलिस परिवार के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुलिस मॉडर्न स्कूल में शूटिंग, खो-खो व बैडमिंटन प्रतियोगिताएं हुईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी सिटी अमृत जैन ने मेडल देकर सम्मानित किया और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। एसएसपी ने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और शारीरिक-मानसिक फिटनेस को मजबूत करते हैं।

### आपका आज का राशिफल

**रविवार, 30 अगस्त, 2026**

**मेष-** दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

**वृषभ-** चिरवांछित कार्य बनने को, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

**मिथुन-** आज दिन 6/39 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

**कर्क-** आज दिन 6/39 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

**सिंह-** मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

**कन्या-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

**तुला-** आज दिन 6/39 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

**वृश्चिक-** आज दिन 6/39 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

**धनु-** अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गति-विधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

**मकर-** किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

**कुम्भ-** आज दिन 6/39 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

**मीन-** आज दिन 6/39 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## एमजी पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में शनिवार को मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों एवं शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए फिट इंडिया प्रोग्राम से जुड़ने को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और फिट शरीर, एकाग्र मन, मजबूत देश का संदेश दिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा योग एवं प्राणायाम की सुंदर प्रस्तुति के साथ हुई। छात्राओं ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को प्रदर्शित किया। उनकी प्रस्तुति ने सभी को नियमित रूप से योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। योग प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री के फिट इंडिया अभियान का संदेश भी दिया गया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्रों ने बॉक्सिंग बाउट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने बॉक्सिंग के विभिन्न कौशल एवं तकनीकों का प्रदर्शन करते हुए खेलों में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और शारीरिक फिटनेस के महत्व को दर्शाया। बॉक्सिंग प्रदर्शन ने उपस्थित विद्यार्थियों में खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का उत्साह पैदा किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के बीच बास्केट बॉल मैच का भी आयोजन किया गया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, टीमवर्क और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया और अपने साथियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ शारीरिक गतिविधियों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ और एकाग्र मन का विकास होता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे प्रतिदिन कुछ समय खेल, योग या व्यायाम के लिए अवश्य निकालें और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर स्वयं के साथ-साथ देश को भी मजबूत बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



## नेपाल त्रासदी में मृत आत्माओं को मोमबत्ती जला कर दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की इकाई नई मंडी उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नेपाल में हुई भयंकर त्रासदी में मारे गए सभी मृत आत्माओं को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने अपने संबोधन में कहा की नेपाल में जो भयंकर त्रासदी हुई है हम उन सभी मृत आत्माओं को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि सभी मृत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें।



उन्होंने कहा कि अभी जल्दी ही कैंप लगाकर नेपाल में हुई त्रासदी के लिए सामग्री भेजने का प्रबंध भी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल करेगा। श्रद्धांजलि सभा में संजय मित्तल, नवीन बिंदल, प्रमोद त्यागी, मुदित जैन, शरद गोयल, अचिन सागर, लवी गोयल, जयपाल शर्मा, पुनीत सिंघल, मोहनलाल मित्तल, मुकेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, परवीन धीमान, नरेश बंसल, संजय बंसल, सत्यपाल जैन, अमित राय जैन, राहुल सिंघल, दिनेश बंसल, पंकज जैन, रमेश शर्मा, अनुराग सिंघल, नरेश जैन, नीरज गांधी, विवेक अग्रवाल, संजीव बत्रा, हिमानी, लोकेश मल्हन, नितिन गोयल, विनय अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, रवि गुप्ता, सुशील गर्ग, अनुज जैन, नितिन जैन, सचिन गोयल, विकास गुप्ता, विकास गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मौ0 लबीब की सी.बी.एस.ई. की हाईस्कूल की अंकतालिका में माता का नाम नाम TABBSUM और पिता का नाम INTEZAR दर्ज है, जो कि गलत है। माता का सही नाम TABBOOSUM और पिता का सही नाम INTAJAR है ।भविष्य में इन दोनों को इन्हीं नामों से जाना व पहचाना जाये।

इंतजार (INTAJAR)
पुत्र वसीर
मन्सूरपुर, मुजफ्फरनगर

## एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**शाहपुर, 29 अगस्त (बु.)।** उपजिलाधिकारी बुढ़ाना ने प्राथमिक विद्यालय नं. एक का आकस्मिक निरीक्षण कर मिड-डे-मील के अलावा शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी बुढ़ाना सतेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को कस्बे के मध्य में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मिड डे मील की गुणवत्ता परखी। इसके अलावा एसडीएम ने विद्यालय के शिक्षण कक्षों व पेयजल व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। इसके अलावा सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। एसडीएम ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के शौचालयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से छात्राएं बालिकाओं हेतु बनाए गए शौचालय का ही प्रयोग करें। एसडीएम ने प्रधानाध्यापक व अन्य स्टाफ को विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना विद्यालय स्टाफ की जिम्मेदारी है। एसडीएम ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा के माहौल से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि यदि विद्यालय में कोई जरूरत है, तो प्रधानाध्यापक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के माध्यम से पत्राचार करे, उसका समाधान कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान लेखपाल प्रवीण कुमार के अलावा विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## वायरल वीडियो में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर थाने पहुंचे लोग, मुकदमे की मांग

**चरथावल, 29 अगस्त (बु.)।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शनिवार को विभिन्न समाजों के लोगों ने चरथावल थाने पहुंचकर शिकायत की शिकायतकर्ताओं ने वीडियो में नजर आ रहे युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया को दिए प्रार्थना-पत्र में वायरल वीडियो की जांच कराने की मांग की गई। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, वायरल वीडियो में एक युवक, जो कथित तौर पर खुद को भीम आर्मी का कार्यकर्ता बता रहा है, ब्राह्मण, ठाकुर और गुर्जर समाज को लेकर टिप्पणी करता दिखाई दे रहा है। शिकायत में युवक के कथित बयान का हवाला देते हुए कहा गया है कि वह पहले ब्राह्मण, ठाकुर या गुर्जर समाज की किसी बेटी से शादी कराने की बात कहता है और उसके बाद स्वयं को हिंदू मानने की बात करता है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की टिप्पणी से संबंधित समाजों की भावनाएं आहत हो सकती हैं तथा सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने पुलिस से वीडियो की सत्यता, युवक की पहचान और पूरे घटनाक्रम के संदर्भ की जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की मांग की। इस दौरान ठाकुर अजय पुंडीर, ठाकुर धीरज राणा, ठाकुर कुलदीप राणा, ठाकुर वीरेंद्र सिंह चिमाऊं, ठाकुर शेरपाल, मोहित बजरंगी, धीरज राणा बिरालसी, ठाकुर ईशम सिंह, सतीश राणा, गौरव शर्मा और विश्वजीत राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो और उसमें किए गए दावों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की मुख्य संस्थागत परीक्षा वर्ष -1996, अनुक्रमांक 0233331 की सनद व अंक-पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।

रूबी गुप्ता पुत्री
राजेन्द्र कुमार गुप्ता
773, संजय मार्ग, पटेल नगर,
नई मण्डी, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)

## आबकारी विभाग ने की शराब दुकानों पर स्टॉक, रेट और क्यूआर कोड की जांच

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** आबकारी विभाग ने जिले में मौजूद शराब की दुकानों के खिलाफ एक सघन निरीक्षण अभियान चलाया। जिले में इस अभियान का संचालन जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सीधे निर्देशन में किया गया। इस दौरान आबकारी निरीक्षकों की टीमों ने दुकानों पर पहुंचकर वहां रखे शराब के पूरे भंडार, बिक्री की व्यवस्था, शासन द्वारा तय की गई कीमत और सुरक्षा इंतजामों की गहनता से जांच-पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने शराब दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे अपनी दुकान पर बिक्री केंद्र मशीन के माध्यम से ही शराब की शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करें। आबकारी निरीक्षकों ने दुकानों में मौजूद शराब के पूरे भंडार का मिलान दुकान की भंडार पंजिका से किया। इसके साथ ही मौके पर रखी गई शराब की बोतलों की भौतिक जांच भी की गई। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि शराब केवल शासन द्वारा निर्धारित कीमत पर ही बेची जा रही हो। विभागीय अधिकारियों ने दुकान संचालकों को आबकारी से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान शराब की दुकानों पर लगे निगरानी कैमरों की स्थिति को भी जांचा गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकानों में रखे शराब के भंडार में से अचानक कुछ बोतलों को चुना और उन पर लगे क्यूआर कोड को विभागीय अनुप्रयोग के माध्यम से स्कैन करके जांचा। इस दौरान शराब की बोतलों की प्रामाणिकता और उनके संबंध में उपलब्ध विभागीय विवरण का सत्यापन किया गया। इसके अलावा आबकारी विभाग ने जिले की सभी देशी शराब की दुकानों के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। देशी शराब की दुकानों पर 42.8 प्रतिशत तीव्रता वाली 100 मिलीलीटर की शराब को प्रमुखता से प्रदर्शन स्थल पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्राहकों को इसके संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी दुकानदारों को निर्देशित किया गया है।




### हरिद्वार में यूपी के युवकों ने अधेड़ को नंगा कर पीटा

**हरिद्वार, 29 अगस्त (एजेंसी)।** हरिद्वार में वढ से आए तीन युवकों के बीच आपस में मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दो युवकों ने तीसरे अधेड़ व्यक्ति को घेर लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। सड़क पर ही अधेड़ को लात-घूंसों से पीटा गया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे नंगा कर दिया और इसके बाद भी लगातार पीटते रहे। मारपीट के कारण पीड़ित अधेड़ गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने जब यह सब देखा तो उन्होंने आगे बढ़कर आरोपियों की धुनाई कर दी और मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। यह घटना शुक्रवार देर शाम हरिद्वार के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित रोडवेज बस अड्डे के पास की है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक:- 1061/E-Tender/P.W.D./NPP/2026-27 दिनांक:-29/08/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 01 निर्माण कार्य हेतु दिनांक 21/09/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 31/08/2026 की प्रात: 10:00 से दिनांक 21/09/2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 21/09/2026 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण), नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## मोहन भागवत और अमेरिकी मीडिया

राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रमुख मोहन भागवत इस समय अमेरिका में हैं। उनके कार्यक्रम को लेकर अमेरिका में बड़ी चर्चाएं हैं, बड़ा विरोध भी हुआ। वहाँ के अखबारों ने भी भागवत के कार्यक्रम पर लेख छापे। अमेरिका में इस कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता भी बहुत देखी गयी। कार्यक्रम का स्थल न्यूयॉर्क का मैडिसन स्क्वायर गार्डन रहा। विवादों के बाद भी यह कार्यक्रम काफी बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी इस पर एतराज जता चुके हैं, तो 50 से अधिक स्थानीय संगठन भी इसके विरोध में रहे। मानवाधिकारों और अल्पसंख्यक समूहों के लिए बात करने वाले ऑर्गनइजेशन के साथ-साथ कई संगठनों ने मोहन भागवत के इस कार्यक्रम का विरोध किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 'अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' ने किया है। कार्यक्रम से पहले की चर्चाओं में कहा गया कि न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम का विरोध करना, संघ-विरोधी विचारधारा के लोगों को भारी पड़ता दिख रहा है। खासकर न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के लिए यह बहुत बड़ा राजनीतिक झटका है। आरएसएस चीफ के न्यूयॉर्क कार्यक्रम के विरोध की राजनीति के बाद अमेरिका में जिस तरह से चीजें बदली हैं, उस पर छपी एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी नेता राम माधव ने एक्स पर लिखा है कि जोहरान ममदानी एन्ड कंपनी ने अपने मूर्खतापूर्ण विरोध से इस कार्यक्रम को और भी लोकप्रिय बनाने में मदद की। मोहन भागवत के कार्यक्रम को लेकर चले विवादों को अमेरिकी मीडिया में खासी तवज्जो मिली है। अमेरिका में संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह कार्यक्रम 200 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसका आधार 'वसुधैव कुटुम्बकम' है, जिसका अर्थ है 'दुनिया एक परिवार' है। कार्यक्रम में उद्यमियों, शिक्षकों, कलाकारों, युवा नेताओं, धार्मिक नेताओं और सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ मंदिरों और योग केंद्रों के प्रतिनिधियों ने बहुत उत्सुकता दिखायी। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम हिंदू त्योहार रक्षाबंधन के संदेश पर भी आधारित है, जो भाई-बहन के रिश्ते को दर्शाता है। अमेरिका में कई दिनों से इस कार्यक्रम का विरोध चल रहा था। बुधवार को यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम ने अमेरिकी सरकार से आरएसएस के सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने और भारत में कथित धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघनों को लेकर मोहन भागवत का वीजा रद्द करने पर विचार करने का आग्रह किया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत आयोग की टिप्पणियों को खारिज करते हुए इसे पक्षपाती और विश्वसनीयता से रहित संस्था बताया था। कई अंतरधार्मिक और नागरिक अधिकार संगठनों ने मंगलवार को न्यूयॉर्क सिटी हॉल के बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और कार्यक्रम रद्द करने की मांग की थी। अमेरिका में कुछ लोगों का मानना है कि भागवत की अमेरिका यात्रा आरएसएस की अपनी छवि सुधारने के लिए चलाए जा रहे एक बड़े जनसंपर्क अभियान का हिस्सा है। वॉशिंगटन स्थित इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने एक ऐसी वैन भी तैयार की थी, जिसमें वीडियो स्क्रीन लगी थी और जो मैनहैटन की सड़कों पर घूम-घूम कर कार्यक्रम के खिलाफ संदेश प्रसारित कर रही थी। काउंसिल के प्रवक्ता ने कहा था आरएसएस प्रमुख को न्यूयॉर्क के सबसे प्रमुख स्थलों में से एक का इस्तेमाल अपनी वैधता स्थापित करने के लिए करने देना बेहद चिंताजनक है।अमेरिकी मैगजीन न्यू लाइन्स ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि मोहन भागवत न तो निर्वाचित राजनेता हैं और न ही भारत में किसी संवैधानिक पद पर हैं, फिर भी उनका प्रभाव दोनों से कहीं अधिक है। हडसन इंस्टीट्यूट के सीनियर फेलो और अमेरिका-भारत संबंधों के विशेषज्ञ बिल ड्रेक्सेल ने कहा कि भागवत ने हाल में अपनी कुछ टिप्पणियों के तेवर नरम किए हैं। अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में ड्रेक्सेल ने कहा कि आरएसएस भारत के लिए इतना अहम संगठन है और इसका इतिहास इतना जटिल है कि इसकी तुलना अमेरिका और दूसरे देशों के अधिक परिचित राजनीतिक और धार्मिक आंदोलनों से करना मुश्किल है। ड्रेक्सेल ने कहा कि हम इस बात के एक नये अध्याय को देख रहे हैं कि वे बाहरी दुनिया के साथ किस तरह संबंध बना रहे हैं। वे कई दशकों से जमीनी स्तर पर एक आंदोलन के रूप में बढ़ रहे हैं। अब, जिस राजनीतिक पार्टी को उन्होंने जन्म दिया, वह सत्ता में है, तो उन पर एक अलग तरह की ज़िम्मेदारी आ गई है। अमेरिका की रिलिजन न्यूज सर्विस ने भी मोहन भागवत के कार्यक्रम पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिलिजन न्यूज सर्विस ने लिखा है,आरएसएस सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की कई नीतियों और बयानों को प्रभावित करता है और उन्हें वैचारिक आधार देता है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने लिखा है, भारत धार्मिक रूप से विविध देश है, लेकिन उसकी राजनीति में सनातन मान्यता का दबदबा है। देश की 1.4 अरब आबादी में सनातन मान्यता पर चलने वालों की हिस्सेदारी करीब 80 प्रतिशत है। प्रधानमन्त्री मोदी पर ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं, जो आरएसएस की विचारधारा से मेल खाती हैं। अखबार लिखता है कि भागवत का अमेरिका में होने वाला कार्यक्रम मोदी के राजनीतिक उभार और भारतीय प्रवासी समुदाय में उनकी लोकप्रियता का लाभ उठाने की कोशिश है। इसमें अमेरिका की तेजी से बढ़ती करीब 48 लाख की वह आबादी भी शामिल है, जिसे अमेरिकी जनगणना ब्यूरो भारतीय मूल का मानता है। कार्यक्रम के आयोजक की एक प्रवक्ता ने विरोध को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि इसका मतलब है कि हमारे बीच मतभेद, यहां तक कि गहरे मतभेद भी हो सकते हैं, लेकिन फिर भी हम संवाद, सम्मान और अपनी साझा मानवता को चुन सकते हैं। अमेरिका,आरएसएस के लिए लगातार महत्वपूर्ण होता जा रहा है। आठ साल पहले 2018 में शिकागो के एक कार्यक्रम में मोहन भागवत ने हिंदू समुदाय की तुलना एक शेर से की थी, तब उन्होंने हिंदुओं के बीच एकजुटता का आह्वान किया था। 2018 में शिकागो में आयोजित वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के कार्यक्रम में 2,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा था, शेर अगर अकेला है, तो जंगली कुत्ते एकजुट होकर उस शेर पर हमला कर उसे नष्ट कर सकते हैं। इसके बाद मोहन भागवत टोरंटो और ब्रिटेन का दौरा करेंगे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जमीं' 'साख' 'समय' 'रार'

जमीं नीचे से सरकायी, तुम्हारे ही बयानों ने,
तुम्हारी साख निबटायी,तुम्हारे ही बयानों ने।
तुम्हें कुर्सी तो दी लेकिन,कहीं का भी नहीं छोड़ा,
समय से रार ठहरायी, तुम्हारे ही बयानों ने।

# सोनाली नदी की बाढ़ से स्थायी निजात और पुरकाजी को तहसील बनाने की मांग तेज

## – हजारों किसानों ने 12 किलोमीटर की पदयात्रा कर किया शक्ति प्रदर्शन, रोडवेज बस स्टैंड पर हुई किसान पंचायत








## – मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, 17 सितंबर से पहले समाधान की मांग

**पुरकाजी, 29 अगस्त (बु.)।** सोनाली नदी की बाढ़ से हर वर्ष पुरकाजी खादर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में होने वाले भारी जलभराव और किसानों की हजारों बीघा फसल बर्बाद होने की समस्या को लेकर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान तथा पुरकाजी को तहसील बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में एकजुट होकर सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ हजारों किसानों ने पुरकाजी रोडवेज बस स्टैंड तक पैदल यात्रा की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि ये दोनों समस्याएं पुरकाजी क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं हैं इसके लिए जल्दी बड़े आंदोलन किए जाएंगे। किसानों ने पुरकाजी खादर के शेरपुर गांव से पुरकाजी रोडवेज बस स्टैंड तक लगभग 12 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ किसान पैदल यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के बाद पुरकाजी रोडवेज बस अड्डे पर हजारों किसानों की पंचायत आयोजित हुई, जिसमें सोनाली नदी की बाढ़ से होने वाले नुकसान और क्षेत्र की अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों और आम जनता की समस्याओं को उत्तर प्रदेश सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाए। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के माध्यम से एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, एसडीएम सदर मुजफ्फरनगर, सीओ सदर को सौंपा गया। जनसभा को संबोधित करते हुए चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने कहा कि खादर क्षेत्र में हर साल बाढ़ से करोड़ों रुपये की फसलें बर्बाद होती है, ये बड़ा दुखदायी है। पुरकाजी के लोगों को तहसील के कामों के लिए पुरकाजी ब्लॉक के आखरी गांव से तहसील सदर तक 60 किलोमीटर तक जाना पड़ता है, जिससे नागरिकों का अत्यधिक धन और समय बर्बाद होता है। शेरपुर से शुरू हुई यात्रा का पुरकाजी तक दर्जनों जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया और दर्जनों जगह पर किसानों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। कई जगह चौधरी राकेश टिकैत को लकड़ी के हल और शॉल सहित अन्य उपहार भेंट किये गये। योगेश शर्मा ने कहा कि किसानों को हर वर्ष बाढ़ आने के बाद राहत और मुआवजे की व्यवस्था करने के बजाय समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। इसके लिए सोनाली नदी का तकनीकी सर्वे कराकर वैज्ञानिक एवं मजबूत स्थायी बाँध/तटबंध का निर्माण कराया जाना जरूरी है। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव जहीर फारूकी और पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष मोनू सहित खादर में किसान यूनियन की बूटा सिंह की टीम के काम ओर मेहनत की जगह जगह लोगों ने सराहना हुई हजारों किसानों ने सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ इस यात्रा को इतने अनुशासन से निकाला। जहीर फारूकी द्वारा आगामी 17 सितम्बर मुजफ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलेज में बड़ी पंचायत में इस पंचायत का हिसाब लेने की बात कहने से प्रशासन के सिर में नया दर्द शुरू हो गया है। मोनू प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष बूटा सिंह ने आज की पंचायत को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। खादर से 300 से ट्रैक्टर निकालने पर मोनू की टीम को चौधरी राकेश टिकैत ने पीठ थपथपाई। तुगलकपुर से प्रताप प्रधान ने दर्जन भर से ज्यादा ट्रैक्टर निकाले। इसी तरह हर जगह से भारी मात्रा में ट्रैक्टर आए। इस पैदल यात्रा में मुख्य रूप से भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा, एनसीआर अध्यक्ष विकास शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गुलबहार राव, मांगा सरदार, सुखदेव सिंह, काक्का प्रधान, अशोक घटायन, अमीर आलम दुहैली, अफसर अली सुहेड़ी, पदाधिकारियों सहित हजारों किसानों ने भाग लिया।





# शामली बस स्टैंड के पास लगा जाहरवीर गोगा जी का भव्य मेला, श्रद्धालुओं ने चढ़ाया प्रसाद

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** रक्षाबंधन पर्व के अगले दिन मुजफ्फरनगर के शामली बस स्टैंड के पास जाहरवीर गोगा जी का पारंपरिक मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने जाहरवीर बाबा के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। मान्यता के अनुसार जाहरवीर गोगा जी श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। मेले में परिवार सहित पहुंचे लोगों ने बाबा के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

श्रद्धालुओं में महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में प्रसाद, पूजा सामग्री और अन्य सामान की दुकानें भी सजी रहीं। श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद लेते हुए खरीदारी की। सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर भी संबंधित लोगों द्वारा व्यवस्थाएं की गईं। रक्षाबंधन के अगले दिन लगने वाला यह पारंपरिक मेला क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था से जुड़ा हुआ है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर जाहरवीर बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं।

## 01 किलो 140 ग्राम गांजे के साथ महिला गिरफ्तार



**मंसूरपुर, 29 अगस्त (बु.)।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत मंसूरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को एक किलो 140 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक मंसूरपुर विपिन कुमार त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बोपाड़ा के अंदर से हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध महिला को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से एक किलो 140 ग्राम गांजा (नाजायज) बरामद हुआ। पूछताछ में महिला ने अपना नाम शाहजहां पत्नी नूरदीन,निवासी ग्राम पुरबालियान, थाना मंसूरपुर,उम्र करीब 45 वर्ष बताया। पुलिस के मुताबिक महिला ने पूछताछ में बताया कि वह बरामद गांजा सोनू निवासी ग्राम पुरबालियान से खरीदकर बेचने के लिए लाई थी। मामले में थाना मंसूरपुर पर मुअसं 236/2026, धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में सोहजनी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता,कांस्टेबल अनिल कुमार, रोहित कुमार तथा महिला कांस्टेबल मोनिता और आकृति शामिल रहीं।

# बैल की मौत पर छलक पड़ा किसान का दर्द

## – किसान बोले– मेरे लिए सिर्फ बैल नहीं, परिवार का सदस्य था

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** शुकतीर्थ-मोरना मार्ग स्थित कृषि फार्म पर किसान ब्रजवीर राठी के प्रिय बैल की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई। बैल पिछले करीब आठ महीनों से सींग के कैंसर से पीड़ित था। उसकी मौत से किसान और उनके परिवार को गहरा सदमा पहुंचा। परिवार इस बैल से बेहद भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ था और उसे परिवार के सदस्य की तरह मानता था। बैल की मृत्यु के बाद गुरुकुल आश्रम के स्वामी विश्वानंद महाराज और विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उसके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई। पशु को सम्मान और श्रद्धा के साथ विदाई देने की यह पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। मंत्रोच्चार के बीच खेत में ही गड्ढा खोदकर बैल के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने शांति और सम्मान के साथ अनुष्ठान में हिस्सा लिया। किसान ब्रजवीर राठी ने बताया कि यह बैल उनके लिए महज एक पशु नहीं था, बल्कि परिवार के सदस्य जैसा था। उन्होंने कहा कि बैल के साथ परिवार का भावनात्मक लगाव था, इसलिए उसकी मौत ने सभी को बेहद दुखी कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस बैल का जोड़ीदार दूसरा बैल अभी जीवित है। प्रिय साथी के चले जाने के बाद वह भी अकेला महसूस कर रहा होगा। बैल की अंतिम विदाई के दौरान राम सहोदर मिश्रा, ऋषिपाल मास्टर, सनी, बबलू, मुकेश और महक सिंह समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने किसान ब्रजवीर राठी के दुख में संवेदना जताई और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में भाग लिया। पशु के प्रति सम्मान, संवेदना और वैदिक परंपरा के इस संगम ने गांव और आसपास के क्षेत्र में लोगों का ध्यान आकर्षित किया।



## नेपाल में सैलाब के बीच खड़ा रहा घर, अंदर मौजूद तीनों लोग सुरक्षित

**काठमांडू, 29 अगस्त (एजेंसी)।** नेपाल में अचानक आई बाढ़ के बीच तेज बहाव के बावजूद एक घर खड़ा रहा। आसपास का इलाका डूब गया, इमारतें और मलबा बहते नजर आए। घर की बालकनी में 3 लोग खड़े दिखे, जो तबाही के बीच भी शांत नजर आए। वीडियो में कीचड़ भरा पानी डरावनी रफ्तार से बहता दिख रहा है। हालांकि, यह वीडियो नेपाल में कहां का है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। घर के चारों तरफ तेजी से बहता मलबा दिखाई दे रहा है। पानी और मलबे का बहाव इतना तेज है कि आस-पास के कई घर और पेड़ तबाह हो गए। मलबा और पानी शांत होने के बाद एक आदमी घर की छत पर टी-शर्ट लहराकर रेस्क्यू टीम को बुलाने की कोशिश कर रहा है। मलबा और पानी शांत होने के बाद एक आदमी घर की छत पर टी-शर्ट लहराकर रेस्क्यू टीम को बुलाने की कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, चीन की ओर करीब 400 भारतीय फंसे हैं और सभी सुरक्षित हैं। भारत उन्हें वापस लाने के लिए चीनी अधिकारियों के संपर्क में है। वहीं 153 भारतीय चीन से सुरक्षित नेपाल पहुंच चुके हैं।

प्लॉट बिकाऊ है

एक प्लॉट गाँधीनगर में 200 वर्ग गज का, 30x60, दो रास्तों का (30 व 15 फुटे रोड पर), प्राईम लोकेशन पर बिकाऊ है।

श्याम बंसल 8923234203 | विनय 7618278152

राजमंदिर बैंक्वेट हॉल

विवाह, रिंग- सेरेमनी, सगाई, रिसेप्शन, बर्थ-डे व अन्य कार्यक्रम

नोटः- भजन संध्या, तेरहवीं व मीटिंग के लिये सेवा शुल्क रुपये 31,000/- मात्र

पताः- भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

सम्पर्क सूत्रः- 9837138610, 8433174678, 9307139968

आख़िरी मौका आख़िरी मौका आख़िरी मौका

फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों

किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।

दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।

किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी

वर्ष बचायें सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ वर्ष बचायें

के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।

COURSE OFFERED

B.A. B.Sc. B.Com. M.A. | M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A. | M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA

अधिकृत अध्ययन केन्द्र

अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन

शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा, मुजफ्फरनगर

विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें

NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें

Phone No.: 0131-2615405, 2433717, M:. 9837640120, 9837108280

नोट : टीचर्स की आवश्यकता है।

# सरकारी गोशाला की जमीन पर फर्जी बैनामे से कब्जे का विवाद



**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बुस.)।** नगर में सरकारी गोशाला की जमीन पर कब्जे और फर्जी बैनामे को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव सीकरी के रहने वाले गुलाम मोहम्मद ने जिलाधिकारी को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि सरकारी मवेशीखाने की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है और फर्जी तरीके से बैनामे भी करा लिए गए हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, गांव सीकरी में बस स्टैंड के पास खसरा नंबर 1991 की जमीन सरकारी मवेशीखाने की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीकुर्रहमान और नजीबुर्रहमान नाम के दो लोगों ने इस सरकारी जमीन को अपनी संपत्ति बताते हुए अलग-अलग बैनामे अपनी पत्नियों के नाम करा लिए। शिकायत में बताया गया है कि इस जमीन की कीमत करीब 75 से 80 लाख रुपये है। गुलाम मोहम्मद ने कहा कि इस जगह पर लंबे समय से सरकारी मवेशीखाना चलता रहा है और इसके सबूत के तौर पर वहां पशुओं के चारा खाने का कुंड भी मौजूद है। शिकायतकर्ता का दावा है कि पहले भी इस मामले में शिकायत की गई थी, जिसके बाद उपजिलाधिकारी जानसठ के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर सरकारी बोर्ड लगवाया था और कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी जमीन में अवैध रास्ता भी खोल दिया गया है। गुलाम मोहम्मद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अवैध रास्ता बंद कराया जाए, कथित फर्जी बैनामों की जांच हो और सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत की जांच के बाद क्या कदम उठाता है।

# छात्र ने सीओ ऋषिका सिंह का पेंसिल स्केच बनाया



**जानसठ, 29 अगस्त (बु.)।** जानसठ में सनातन धर्म इंटर कॉलेज, मीरापुर के कक्षा-9 के छात्र कृष्ण ने जानसठ सीओ ऋषिका सिंह का एक जीवंत पेंसिल स्केच बनाकर उन्हें भेंट किया। सीओ ऋषिका सिंह ने छात्र की इस असाधारण प्रतिभा की सराहना की। ग्राम देवल निवासी बलविंदर के पुत्र कृष्ण अपने साथी मोंटी कश्यप के साथ जानसठ तहसील परिसर स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने वहां सम्मानपूर्वक अपने हाथों से बनाया हुआ पेंसिल स्केच सीओ ऋषिका सिंह को प्रस्तुत किया। चित्र की बारीकी, चेहरे के भाव और कलात्मक प्रस्तुति देखकर सीओ ऋषिका सिंह अत्यधिक प्रभावित हुईं। उन्होंने छात्र की प्रतिभा की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीओ ने कृष्ण को अपनी कला को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर मौजूद अन्य लोगों ने भी छात्र कृष्ण की कलात्मक क्षमता की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि इतनी कम उम्र में इस प्रकार का सजीव चित्र बनाना असाधारण प्रतिभा का परिचायक है। उन्होंने ऐसी प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वे भविष्य में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। छात्र कृष्ण ने बताया कि उसे बचपन से ही चित्रकला का शौक है और वह विशेष रूप से पेंसिल स्केच बनाना पसंद करता है। उसने सीओ ऋषिका सिंह का चित्र बनाने में विशेष मेहनत की, ताकि वह वास्तविक तस्वीर जैसा दिखाई दे। यह घटना युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनी।

# बेटे की पिटाई का विरोध करने पर घर में घुसकर महिला को पीटा

**भोपा, 29 अगस्त (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद में शुक्रवार शाम दिल दहला देने वाली वारदात उस समय सामने आई, जब एक मां द्वारा अपने बेटे के साथ हुई मारपीट की शिकायत आरोपियों से की गई, तो लगभग आधा दर्जन दबंगों ने उसके घर में घुसकर उस पर और उसके बेटे पर जानलेवा हमला बोल दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने महिला और उसके बेटे का चिकित्सा परीक्षण कराकर तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी गुलबहार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की शाम उसका मासूम बेटा अमन घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस के युवक ने उसे गाली देते हुए लात-घूंसों से पीट दिया। सहमा हुआ बच्चा घर पहुंचा और मां सना परवीन को पूरी बात बताई। मां ने प्यार से छत से ही आरोपी के पिता को आवाज लगाकर आरोपी की शिकायत की तो इतना सुनते ही आरोपी का पिता आग-बबूला हो गया और अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। सभी लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियार लेकर पीड़ित महिला के घर में घुस गए। और एकराय होकर महिला सना परवीन और उसके बेटे अमन पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। हमले के दौरान अश्लील हरकतें की गई और कपड़े तक फाड़ दिए गए, जिससे महिला अर्धनग्न अवस्था में हो गई। वहीं बच्चे को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और ग्रामीण दौड़े और दोनों को आरोपियों के चंगुल से बचाया। इसके बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना 112 पर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को भोपा अस्पताल भेजा, जहां से गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गांव में इस घटना के बाद भारी रोष है।

I.G. PUBLIC SCHOOL

Charthawal Road, Muzaffarnagar (U.P.)

E-Mail: igps.edu01@gmail.com

VACANCY AT I.G.P.S.

POSITION: VICE-PRINCIPAL

Job Responsibilities:

- Handling **all CBSE-related academic and administrative work**
- CBSE registration, affiliation and examination-related work
- Coordination of CBSE examinations, practicals and assessments
- Maintaining CBSE records, documentation and correspondence
- Academic planning, monitoring and supervision
- Coordination with teachers, students and parents
- Ensuring compliance with **CBSE rules, regulations and guidelines**
- Overall supervision of academic activities and school administration

(Min. 5 Years Experienced & Qualified Candidate with good knowledge of CBSE rules and procedures.)

Walk-in-Interview
31 Aug 2026 to 05 Sep, 2026
Timing: 10:00 A.M. to 12:00 P.M.
Contact No. 8194099906, 8755906011

# नेपाल बाढ़ में बैंक का लॉकर बहा, 57 लाख लूटे : सेफ तोड़कर कैश निकालने के आरोप में 29 हिरासत में

**काठमांडू, 29 अगस्त (एजेंसी)।** नेपाल में भीषण बाढ़ के दौरान भोटेकोशी इलाके से एक बैंक का लॉकर बहकर कई किलोमीटर दूर पहुंच गया। बाद में धादिंग में मिले इस लॉकर को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने के आरोप में पुलिस ने 29 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक लॉकर बाढ़ में बहने के बाद बेलखुखोला के पास मिला था। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्थानीय लोगों ने लॉकर तोड़कर उसके अंदर रखा कैश निकाल लिया है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शुरूआती तलाशी में पुलिस ने हिरासत में लिए गए लोगों के पास से 92.68 लाख नेपाली रुपए यानी करीब 57 लाख रुपए



बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, हिरासत में लिए गए ज्यादातर लोग गलछी-4 के मस्तार के रहने वाले हैं। कुछ गलछी-6 के आदमघाट और सिद्धलेक-7 के आदमतार के रहने वाले हैं। वहीं कुछ लोग मूल रूप से चितवन और परसा के हैं और फिलहाल धादिंग में रह रहे हैं। सभी की उम्र 19 से 49 साल के बीच है। पुलिस अब बरामद रकम के स्रोत की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि मामले में और लोग शामिल हैं या नहीं।

**बालियां चुराने वाले 2 गिरफ्तार**

इसी दौरान नेपाल में बाढ़ से जुड़ी एक और चोरी का मामला सामने आया। नारायणी नदी में बाढ़ के पानी के साथ बहकर आए एक महिला के शव से सोने की बालियां निकालने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की। वीडियो में दो लोग बाढ़ में बहकर आए महिला के शव से कथित तौर पर सोने की बालियां निकालते दिखाई दे रहे हैं।

## बीस साल का प्रेमी, 37 की प्रेमिका, दोनों ने दी जान

**सीतापुर, 29 अगस्त (एजेंसी)।** प्रेम-प्रसंग में 12 घंटे के भीतर युवक और शादीशुदा महिला की मौत से गांव में सनसनी फैल गई। दोनों के बीच करीबी संबंध थे। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। घटना पिसावां क्षेत्र के ढखिया कला गांव की है। बताया गया कि गांव निवासी गोधन का पुत्र मंजेश (20) शुक्रवार देर शाम अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। पिता गोधन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की और जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसी बीच शनिवार सुबह गांव से दूसरी घटना की सूचना मिली। इंद्रपाल की पत्नी रिंकी (37) ने अपनी जान दे दी। पति ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की है।

# पिता की दाढ़ी खींचने का बदला, सरदार आलम हत्याकांड का खुलासा

**▶▶ आरोप सरेआम पिता की दाढ़ी खींचकर बेइज्जत करने पर लिया खूनी बदला**

**▶▶ दो नामजद अभियुक्त सगे भाईयों को गिरफ्तार कर चाकू किया बरामद**

**खतौली, 29 अगस्त (बु.)।** नगर की नई आबादी निवासी युवक सरदार आलम की गत दिनों हुई हत्या का कोतवाली पुलिस ने मात्र 40 घंटे में अनावरण करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपियों का कहना है कि उनके पिता की सरेआम दाढ़ी खींचकर उन्हें बेइज्जत किए जाने के बदले में उन्होंने सरदार आलम की हत्या की। पुलिस के अनुसार 26 अगस्त को नगर की नई आबादी कॉलोनी निवासी जलीम पुत्र वसीर ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया था कि 26 अगस्त को कल्लू व उसके दो पुत्र उसके पुत्र सरदार आलम को घर से बुलाकर ले गए थे। इसके बाद सायंकाल एक डॉक्टर की दुकान के निकट सरदार आलम घायल अवस्था में मिला, जिसे राहगीरों द्वारा तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सरदार आलम को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर तहरीर के आधार पर अभियोग अग्रिम कार्रवाई शुरू करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाली गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नगर क्षेत्र में बालाजीपुरम के सामने गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग से सालिम (25) तथा शाहजेब उर्फ जादू (29) को गिरफ्तार किया तथा गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया। सीओ रुपाली राव व कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल का कहना है कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनके पिता सरताज उर्फ कल्लू के साथ सरदार आलम द्वारा एक चाय की दुकान में अभद्रता तथा हाथापाई करते हुए उनके पिता की दाढ़ी भी खींची थी, जिसको लेकर उसके मन में भारी आक्रोश बना हुआ था, जिस पर उन्होंने अपने साथियों के साथ योजनाबद्ध सरदार आलम पर चाकू से वार कर उसे गंभीर घायल कर दिया तथा मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार दोनों आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तार करने वालों में कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल, उपनिरीक्षक राजकुमार बालियान, संजय तोमर सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।




## ट्रांसफार्मर पकड़कर युवक ने किया हाईवोल्टेज ड्रामा

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** थाना खालापार क्षेत्र में एक युवक का ट्रांसफॉर्मर के पास पहुंचकर उसे पकड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक कथित तौर पर ट्रांसफार्मर को पकड़ता नजर आ रहा है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने पूरे घटनाक्रम को देखते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में युवक का यह कृत्य बेहद जोखिमभरा नजर आ रहा है। यदि उस समय ट्रांसफॉर्मर में करंट प्रवाहित होता और युवक उसके संपर्क में आ जाता, तो उसकी जान पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। महज एक पल की लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ सकती थी। वायरल वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, मुजफ्फरनगर बुलेटिन वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। वीडियो कब और किस परिस्थिति में बनाया गया, यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि इतने खतरनाक स्थान पर युवक के पहुंचने के बावजूद आसपास मौजूद लोगों में से सिर्फ एक युवक ने उसे वहां से ले जाने की हिम्मत दिखाई, बाकी किसी ने उसे रोकने या वहां से हटाने का प्रयास नहीं किया। बिजली के उपकरणों के आसपास इस तरह की लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# भागवत न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन मंदिर पहुंचे : बोले- भारत में मुसलमान नहीं रह सकते, यह कहने वाले मुगालते में हैं

**न्यूयार्क, 29 अगस्त (एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन सेंटर का दौरा किया। मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के संघर्ष हैं। ऐसे समय में कृष्ण चेतना शांति ला सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भले ही अलग-अलग तरह की विविधताएं, मतभेद और संघर्ष हों, लेकिन अगर लोगों को यह समझ आने लगे कि सब कुछ कृष्ण का ही हिस्सा है, तो दुनिया में बेहतर और शांतिपूर्ण माहौल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कहने वाले लोग मुगालते में हैं कि भारत में मुसलमान नहीं रह सकते। भागवत 26 सेकंड एवेन्यू स्थित उस जगह पर भी पहुंचे, जहां स्वामी प्रभुपाद ने जुलाई 1966 में इस्कॉन की स्थापना की थी। इसे मैचलैस गिफ्ट्स भी कहा जाता है। इस्कॉन इस साल अपनी स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस्कॉन के 120 देशों में 1,300 मंदिर हैं। आरएसएस प्रमुख 25 अगस्त को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। वे आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर तीन देशों, अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान वे भारतीय समुदाय और अलग-अलग संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले हैं। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग फोरम आयोजक है।



कार्यक्रम में भागवत का संबोधन भी होगा। भागवत के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले कार्यक्रम का विरोध भी हो रहा है। अमेरिका के कई हिंदू संगठनों समेत 61 इंटरफेथ और धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने कार्यक्रम के खिलाफ खुला पत्र जारी किया है। मंगलवार को हिंदूस फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क समेत कई संगठनों ने न्यूयॉर्क सिटी हॉल के बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इन संगठनों ने कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी भी कार्यक्रम को लेकर अपनी असहमति जता चुके हैं।

# मेरठ में युवक का गला रेता, फिर गोली मार दी

**मेरठ, 29 अगस्त (एजेंसी)।** शुक्रवार रात एक युवक की हत्या कर दी गई। दो बाइकों पर आए चार हमलावरों ने युवक को बीच सड़क रोक लिया। चाकू से उसके शरीर पर ताबड़तोड़ कई वार किए। गला रेता और फिर सीने में गोली मार दी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। यह देख हमलावर फरार हो गए। हत्या की खबर पाकर पुलिस और युवक के परिजन मौके पर पहुंचे। घरवालों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दो युवकों को अरेस्ट किया है। पूछताछ में पता चला कि ईद पर आरोपियों की युवक से लड़ाई हुई थी। उसी रंजिश में आज हत्या कर दी। एसपी देहात अभिजीत ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। मामला जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर सरुरपुर थाना क्षेत्र के डाहर गांव का है। युवक की हत्या रात करीब 8:30 बजे की गई। डाहर गांव में रहने वाले शहजाद मजदूरी करते हैं। परिवार में पत्नी जाहिदा और चार बच्चे हैं। इनमें तीन बेटे और एक बेटी। सबसे बड़ा सालिम (22) था। उसकी डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। परिवार में पत्नी रानी और एक साल की बेटी है। सालिम शुक्रवार रात साढ़े 8 बजे घर से बाजार के लिए निकला था। लेकिन रास्ते में दो बाइकों पर 4 हमलावर आए। उन्होंने पहले उस पर चाकू से हमला किया। पेट, पीठ पर चाकू से वार किए। इसके बाद गर्दन को चाकू से रेत दिया। सालिम सड़क पर गिरा तड़प रहा था। तभी एक हमलावर ने उसे गोली मार दी। गोली सालिम के सीने पर लगी। लोग दौड़े तो हमलावर फरार हो गए। हत्या की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोग पुलिस के खिलाफ नारे लगाने लगे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास पड़ताल की। वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाए और प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों से जानकारी ली।

## यूपी: रोडवेज बसों में फ्री में सफर करने के लिए आधार या वोटर कार्ड से मिलेगी सुविधा

**लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसी)।** 60 साल या इससे अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा के लिए अब स्मार्ट कार्ड का इंतजार नहीं करना होगा। पात्र महिलाएं आधार कार्ड या वोटर आईडी में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर योजना का लाभ ले सकेंगी। लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति यात्रा योजना के तहत यह सुविधा 28 अगस्त से शुरू की गई है। परिवहन के विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यात्रा के दौरान महिला यात्री को परिचालक को आधार या वोटर आईडी दिखाना होगा। परिचालक दस्तावेज में दर्ज जन्मतिथि से उम्र की पुष्टि करेगा। इसके बाद ईटीआईएम मशीन से शून्य मूल्य का टिकट जारी किया जाएगा। महिला यात्री से इसके लिए कोई किराया नहीं लिया जाएगा। टिकट में बस संख्या, यात्रा शुरू करने और गंतव्य स्थान समेत अन्य जानकारी दर्ज होगी। यह सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अपनी और अनुबंधित दोनों तरह की साधारण बसों में मिलेगी। प्रत्येक मुफ्त यात्रा का शून्य मूल्य का टिकट जारी करना अनिवार्य होगा। इससे सभी यात्राओं का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। यह रिकॉर्ड एमआईएस और क्लाउड आधारित डाटा सर्वर पर सुरक्षित रहेगा। इससे योजना में पारदर्शिता बनाए रखने और यात्रा के आंकड़ों की निगरानी में मदद मिलेगी।

# मंत्री अनिल कुमार के सामने फूट-फूटकर रोए अंकित बालियान के पिता

### मंत्री ने न्याय का भरोसा दिलाया, कहा- पुलिस आरोपियों के करीब

**शामली, 29 अगस्त (बु.)।** हरियाणवी गायक अंकित बालियान की हत्या के बाद शनिवार को प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल कुमार बंतीखेड़ा गांव पहुंचे। उन्होंने अंकित के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया। मंत्री के सामने बेटे को याद करते हुए अंकित के पिता सतबीर फौजी का दर्द अचानक छलक पड़ा और वह फफक-फफक कर रोने लगे। पिता की आंखों से बहते आंसुओं ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार इस जघन्य हत्याकांड को लेकर गंभीर है। पुलिस और जांच एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं और आरोपी गिरफ्तारी के बेहद करीब हैं। रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने भी आज जारी बयान में अंकित की हत्या को जातीय



चश्मे से देखने के बजाय एक घृणित हत्याकांड बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। बताया जा रहा है कि शूटर हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। बंती खेड़ा पहुंचे मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मामले की जांच में एटीएस को भी लगाया गया है। एसटीएफ के एडीजी पूरे प्रकरण की लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी शामली में कैंप कर घटना के खुलासे के लिए जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की कई टीमें साक्ष्यों के आधार पर अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश और अन्य कार्रवाई की जा रही है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री से मुलाकात के दौरान अंकित के पिता सतबीर सिंह फौजी ने परिवार की ओर से तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने गांव में हाईस्कूल स्तर तक संचालित विद्यालय को इंटरमीडिएट तक करने और उसका नाम अंकित बालियान के नाम पर रखने की मांग की। इसके साथ ही पिता ने गांव में अंकित बालियान के नाम से खेल स्टेडियम बनवाने की मांग भी रखी। तीसरी मांग हत्याकांड में शामिल आरोपियों के एनकाउंटर की थी। मंत्री अनिल कुमार ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 6-साल की बच्ची से रेप-हत्या करने वाला एनकाउंटर में ढेर

### नोएडा में बोरी में भरकर लाश फेंकी, 24 घंटे में पुलिस ने मार गिराया

**नोएडा, 29 अगस्त (एजेंसी)।** पुलिस को सीसीटीवी में आरोपी युवक (लाल घेरे में) बच्ची की लाश बोरी में ले जाते दिखा था।

ग्रेटर नोएडा में 6 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या के आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। शनिवार शाम 5 बजे पुलिस आरोपी को पिस्टल बरामद कराने ले गई थी। वहां उसने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। इसी दौरान पुलिस ने गोली चलाई, तो वह घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल, 28 अगस्त (शुक्रवार) को बच्ची घर से अचानक लापता हो गई थी। घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। 5 टीमें बनाईं और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से जांच शुरू की। इस दौरान बच्ची के घरवालों ने बलराज को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वह बच्ची के चाचा के यहां किराए पर रहता था। सीसीटीवी में वह बोरी में बच्ची को ले जाता दिख रहा था। शनिवार दोपहर पुलिस ने बलराज को गिरफ्तार कर लिया था। घटना ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र की है। ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने




बताया- सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि बलराज (32) बच्ची को अगवा करके ले गया है। उसने बच्ची से रेप करने के बाद उसके शव को बोरे में भरकर फेंक दिया था। बच्ची की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी रेप करने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके पास पिस्टल है। पिस्टल बरामद करने के लिए पुलिस उसे लेकर गई। वहां उसने छिपाई हुई पिस्टल निकाली और पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो बलराज को लग गई। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी पेशेवर अपराधी है।

## अमृतसर में निहंग की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर, 29 अगस्त (एजेंसी)।** बाबा बकाला में रखड़ पुण्या मेले के दौरान 21 वर्षीय निहंग राजा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राजा सिंह का शव सिविल अस्पताल के पीछे सुनसान इलाके में मिला। उसके सीने और हाथ पर कई गोलियों के निशान हैं, जिससे नजदीक से फायरिंग की आशंका है। मृतक के पिता के मुताबिक, राजा 27 अगस्त को मेले में आया था और रात करीब 12:15 बजे गुरुद्वारा साहिब से अस्पताल की ओर जा रहा था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

## तेंदुए ने 35 साल के युवक की गर्दन अलग की : सीना खा गया

**मुरादाबाद, 29 अगस्त (एजेंसी)।** तेंदुआ 35 साल के युवक का सीना खा लिया। उसने दांतों से काटकर उसकी गर्दन अलग कर दी। युवक ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। दिव्यांग जगराज शुक्रवार रात अपने घर के बाहर



चारपाई पर सो रहा था। तभी तेंदुआ वहां आया और युवक की गर्दन को जबड़े में दबोचकर खींचते हुए जंगल में ले गया। शनिवार सुबह परिजनों को युवक चारपाई पर नहीं दिखा, तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिवार तलाशते हुए घर से करीब 100 मीटर दूर जंगल में पहुंचा तो वहां युवक का खून से सना शव पड़ा था। घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के बहापुर बलिया गांव की है। इस गांव में तीन दिन पहले भी खेत में काम कर रही महिला को तेंदुए ने मार डाला था। 25 दिन में इलाके में तेंदुए के हमलों में 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अंकित बालियान हत्याकांड में दो शूटर दो पकड़े

**शामली, 29 अगस्त (बु.)।** हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस ने दो शूटरों को दबोच लिया है। पता चला है कि इस वारदात को हरियाणा के पानीपत और करनाल के शूटरों ने अंजाम दिया। पुलिस अब वायरल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बेखौफ बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस को शक है कि हत्या के बाद बदमाश हरियाणा या दिल्ली की ओर भाग गए। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस, एसटीएफ और क्राइम ब्रांच की टीमों ने शामली के अलावा हरियाणा के रोहतक, पानीपत और सोनीपत तथा दिल्ली के खजूरी खास समेत कई स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान दो शूटरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर उनके संपर्क और मोबाइल की लोकेशन की भी जांच कर रही है। अब पुलिस सोशल मीडिया की उस कड़ी को भी जोड़ने में जुटी है, जिसकी शुरूआत अंकित की मौत से कुछ दिन पहले हुई थी। सवाल उठ रहा है कि कहीं सोशल मीडिया पर शुरू हुआ विवाद ही अंकित की हत्या की वजह तो नहीं बना? एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने दावा किया है कि अब तक की जांच में अहम सुराग हाथ लगे हैं। पता चला है कि हरियाणा के करनाल और पानीपत के शूटर भी घटना में शामिल थे। इसके अलावा सीसीटीवी से भी कुछ अहम सुराग पुलिस को मिले हैं। अंकित बालियान हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने वाले गायक भूपेंद्र ढींगरा की भूमिका की भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, भूपेंद्र ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर अंकित की हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया था और इसे गाली का बदला बताया था।

# एक गांव में 13000 अवैध बिजली कनेक्शन, योगी ने बिजली विभाग के चेयरमैन को लगाई फटकार

**लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसी)।** गौतमबुद्धनगर का गांव छिजारसी। यहां 13 हजार अवैध बिजली कनेक्शन चल रहे हैं। घर के बाहर मीटर लगे हैं। हर महीने करोड़ों की वसूली भी हो रही। लेकिन यह पैसा सरकारी खजाने नहीं, बल्कि एक सिंडिकेट की जेब में जा रहा है।

इस खेल का पदार्फाश 'स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन' के CEO मनोज कुमार सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने किया। सीएम ने पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल से जवाब-तलब किया। ऊर्जा विभाग के अधिकारी को लापरवाही के लिए लताड़ लगाई। मुख्यमंत्री 27 अगस्त (गुरुवार) की शाम को समीक्षा बैठक कर रहे थे। जिस वक्त बड़ी लापरवाही मुख्यमंत्री के सामने बताई जा रही थी। पावर कॉरपोरेशन चेयरमैन आशीष गोयल ने सफाई देते हुए कहा, सर, यह डूब क्षेत्र है। सीईओ मनोज सिंह ने तुरंत 3-4 मंजिला इमारतों की तस्वीरें दिखाते हुए दावा खारिज किया। कहा, यह डूब क्षेत्र नहीं है, पूरी तरह अवैध कनेक्शन का मामला है। सीएम ने सख्त लहजे में कहा, बिजली सरकार की है, कोई घर में पैदा नहीं कर रहा। मीटर और अवैध कनेक्शन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल को अधिकारियों के सामने ही डांटा। चेयरमैन से ऊर्जा विभाग के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी कई बार नाराजगी जता चुके हैं। छिजारसी गांव (फीडर नंबर- 4) में वैध बिजली कनेक्शनों की संख्या महज 3,800 है, जबकि 13,000 घरों में अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। इन 13 हजार घरों में



बाकायदा बिजली के मीटर लगाए गए हैं। हर महीने बिल का पैसा वसूला जा रहा, जो सीधा सरकारी खजाने के बजाय एक सिंडिकेट को जा रहा है। अनुमान के मुताबिक, अगर एक अवैध कनेक्शन से न्यूनतम 1,000 रुपए भी वसूले जा रहे, तो हर महीने करीब 1.30 करोड़ रुपए का डाका डाला जा रहा है।

## एवरेस्ट की हींग बिक्री पर रोक, चिकन-गरम मसाले में भी गड़बड़ी

**मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एवरेस्ट और लालजी गोधू ब्रांड के कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगा दी है। जांच में दोनों कंपनियों के हींग के सैंपल तय खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतरे। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच में एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग में असली हींग की मात्रा निर्धारित सीमा से करीब 30 से 40 प्रतिशत तक कम पाई गई। मामला एक उपभोक्ता की शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में एक ब्रांड की हींग की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। इसके बाद एफएसएसएआई ने बाजार में उपलब्ध प्रमुख हींग ब्रांड्स की जांच शुरू की। शुरूआती लैब रिपोर्ट में एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग के सैंपल मानकों से कम गुणवत्ता वाले पाए गए। इसके बाद मुंबई स्थित दोनों कंपनियों की सेंट्रल लाइसेंस वाली यूनिट्स से सैंपल लिए गए और उन्हें जांच के लिए भेजा गया। गुजरात के उम्बरगांव में एवरेस्ट की एक अन्य यूनिट से भी गुजरात राज्य के खाद्य विभाग के साथ मिलकर सैंपल लिए गए। जांच में इन सभी सैंपल्स को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। नियमों के अनुसार कम्पाउंडेड हींग तैयार करने में असली हींग को गोंद, स्टार्च और आटे के साथ मिलाया जाता है। इसमें कम से कम 5 प्रतिशत अल्कोहल सॉल्यूबल एक्स्ट्रैक्ट होना जरूरी है। हालांकि जांच के दौरान संबंधित उत्पादों में इसकी मात्रा महज 0 से 3 प्रतिशत के बीच पाई गई। इसका मतलब है कि इन उत्पादों में निर्धारित मानक के मुकाबले असली हींग की मात्रा करीब 30 से 40 प्रतिशत तक कम थी। इसी आधार पर एफएसएसएआई ने संबंधित कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। जांच के दौरान लालजी गोधू की यूनिट से ली गई असली हींग की छह अलग-अलग किस्मों के सैंपल भी जांचे गए। नियमों के मुताबिक असली हींग में स्टार्च की मात्रा एक प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। लेकिन जांच में इन छह किस्मों में स्टार्च की मात्रा 15 से 32 प्रतिशत तक पाई गई। यानी स्टार्च की मात्रा निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक थी।

# उत्तराखंड में सरकार को धमकाने वाला मुफ्ती गिरफ्तार

### जुलूस-ए-मोहम्मद में कहा- किसी की सुनने वाला नहीं मुसलमान; फिर सफाई दी

**ऊधम सिंह नगर (रुद्रपुर), 29 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में जुलूस-ए-मोहम्मद (बारावफात जुलूस) के दौरान कथित विवादित भाषण देने वाले मुफ्ती मुजीब अहमद अजहरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सामने आए वीडियो में वह कहते नजर आ रहे हैं- मुसलमान किसी की सुनने वाला नहीं है, वही जज्बा है जो साहाबा में था। इसके बाद उन्होंने मदरसों को लेकर सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए और ईदगाह की जमीन वापस करने की मांग की। मामला 26 अगस्त का है। इंद्रा चौक स्थित त्रिशूल चौक पर जुलूस पहुंचने के बाद सभा हुई थी। इसी दौरान रामपुर के दड़ियाल टांडा निवासी मुफ्ती मुजीब ने मदरसों और ईदगाह से जुड़े मुद्दों पर भाषण दिया। इसका वीडियो 27 अगस्त को सोशल मीडिया पर सामने आया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर शुक्रवार देर रात उन्हें हिरासत में लिया। उन्होंने कहा कि मदरसों में लोगों को तालीम दी जाती है और किसी पर जुल्म-ज्यादती व चोरी न करने की सीख दी जाती है। वीडियो में वह मदरसों को बंद किए जाने की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मदरसों को लेकर ज्यादा फैसले नहीं लेने की बात कही। भाषण के दौरान मुफ्ती मुजीब ने ईदगाह का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने ईदगाह की जमीन वापस किए जाने की मांग की और सरकार-प्रशासन के फैसलों पर नाराजगी जताई।



## बरेली में 5 मंजिला अस्पताल में आग लगी : वार्डों में धुआं भरा

**बरेली, 29 अगस्त (एजेंसी)।** बरेली के 5 मंजिला नवोदय हॉस्पिटल में शनिवार सुबह आग लग गई। आग सुबह 10 बजे टॉप फ्लोर पर बने एक कमरे में लगी। कुछ ही देर में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते धुआं पूरे अस्पताल में भर गया। जैसे ही फायर अलार्म बजा, अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। वार्डों में भर्ती मरीजों को उनके परिजन जैसे-तैसे बाहर लेकर भागने लगे। नवजात बच्चों को उनके मां-बाप गोद में लेकर बाहर की ओर दौड़े। वहीं, अस्पताल कर्मी आईसीयू में एडमिट गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर पर बाहर निकालकर लाए। जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त हॉस्पिटल की ओपीडी भी भरी थी। आईसीयू समेत बाकी वार्डों में करीब 100 मरीज और तीमारदार थे। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर टीम ने अस्पताल में बगल की बिल्डिंग से पानी डाला। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया।

# एसडीएम की बेटी को एक्सपायर इंजेक्शन लगाया : सीएमओ ने दो फार्मासिस्ट सस्पेंड किए, दवा का गोदाम भी सील कराया

**प्रतापगढ़, 29 अगस्त (एजेंसी)।** प्रतापगढ़ में शुक्रवार को एसडीएम की बेटी को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने का मामला सामने आया था। दो फार्मासिस्ट को उसी दिन शाम तक सस्पेंड कर दिया गया। शनिवार सुबह सीएमओ के निर्देश पर दवा का गोदाम सील करने की कार्रवाई भी की गई। लालगंज एसडीम वाचस्पति सिंह की 8 साल की बेटी को तेज बुखार था। शुक्रवार दोपहर 3 बजे उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। यहां फार्मासिस्ट ने ग्लूकोज में पैरासिटामोल इंजेक्शन डालकर बच्ची को लगा दिया। एसडीएम के नौकर ने इंजेक्शन की एक्सपायरी डेट देखते ही एसडीएम को बताया था। एसडीएम ने डॉक्टर समेत अस्पताल के कर्मचारियों को भी फटकार लगाते हुए मामले की शिकायत सीएमओ से की थी। लालगंज एसडीएम वाचस्पति सिंह की 8 साल की बेटी श्रेयसी सिंह को शुक्रवार दोपहर 3 बजे करीब तेज बुखार हो गया। एसडीएम ने आरोप लगाते हुए कहा था कि फार्मासिस्ट अरविंद कुमार शुक्ला ने स्टोर से एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन निकालकर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे को दिया। देव ने बिना एक्सपायरी डेट की जांच किए यह इंजेक्शन बच्ची को लगा दिया। मेरे कर्मचारी ने एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन और ग्लूकोज को देखा। इसके बाद उसने तुरंत फार्मासिस्ट से इस बारे में पूछा। इस पर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे ने साफ जवाब नहीं दिया। एसडीएम ने स्टोर प्रभारी अरविंद कुमार शुक्ला पर अपने पद पर लापरवाही बरतने और स्टोर से एक्सपायरी इंजेक्शन जारी करने का आरोप लगाया। सीएमओ डॉ. ए.एन. प्रसाद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को सीएचसी लालगंज और ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में दवाओं के स्टॉक, उनके रखरखाव की गहन जांच की गई। निरीक्षण




के अगले दिन शनिवार सुबह अस्पताल के स्टोर से एक्सपायरी दवाओं को सील कर दिया। इस दौरान स्टोर में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं मिलीं। अस्पताल के स्टोर से बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं मिलने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। यह जांच का विषय है कि सरकारी अस्पताल में ये दवाएं इतने लंबे समय तक स्टोर में कैसे पड़ी रहीं। स्टॉक की नियमित जांच कौन करता था और एक्सपायरी दवाओं को समय रहते अलग करने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

# रिटायर्ड दरोगा के घर करोड़ों की चोरी से मचा हड़कंप, देर रात पहुंचे एसपी देहात, कप्तान ने 48 घंटे में खुलासे का दिया आश्वासन



**बुढ़ाना, 29 अगस्त (बु.)।** तहसील के पीछे रिटायर्ड दरोगा देशपाल के बंद मकान में हुई करोड़ों रुपये की चोरी की वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। अज्ञात चोर मकान में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात, नकदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए देर रात एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक घटनास्थल पर पहुंचे और मकान का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते हुए जल्द खुलासे के निर्देश दिए। वहीं, मुजफ्फरनगर के कप्तान संजय कुमार वर्मा भी देर रात बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले की समीक्षा की। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने 48 घंटे के भीतर चोरी की वारदात का खुलासा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के लिए तीन पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं, जो अलग-अलग दिशा में जांच कर रही हैं। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की जानकारी जुटाई जा रही है। करोड़ों की चोरी के बाद क्षेत्र में भी सनसनी है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

## उत्तर प्रदेश में स्वाइन फ्लू के 551 मरीज मिले

**लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसी)।** प्रदेश में अब तक इंफ्लुएंजा ए (एच1एन1) यानी स्वाइन फ्लू के 551 मरीज मिले हैं। प्रदेश में मौसमी फ्लू और स्वाइन फ्लू के मरीज 57 जिलों में मिले हैं। इसकी चपेट में ज्यादातर एनसीआर क्षेत्र के जिले हैं। अब तक मिले कुल मरीजों में 50 फीसदी तीन जिलों में हैं। इसमें गौतमबुद्ध नगर में 189, मेरठ में 54, गाजियाबाद में 32 केस हैं। इसी तरह मुजफ्फरनगर में 11 और बुलंदशहर में 10 केस मिले हैं। लखनऊ में 113 केस सामने आए हैं। हालांकि यहां अधिक केस होने की मूल वजह विभिन्न जिलों से रेफर होकर मरीजों का आना बताया जा रहा है। शनिवार सुबह उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपर मुख्य सचिव सहित सभी विभागीय अधिकारियों, चिकित्सा संस्थानों एवं अस्पतालों के अधीक्षकों व सीएमओ के साथ बैठक की। पूरी स्थिति की समीक्षा की। निर्देश दिया कि सभी मरीजों को निशुल्क उपचार एंव जांच की व्यवस्था दी जाए। बुखार के मरीजों के लिए अलग से काउंटर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में ओसेल्टामिविर (टैमीफ्लू), ऑक्सीजन, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन मास्क और ब्रोंकोडायलेटर्स सहित अन्य चीजों का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। यदि मरीजों की संख्या बढ़ती है तो डॉक्टर और अन्य कर्मियों का ड्यूटी का समय बढ़ा दिया जाए। चिकित्सा संस्थानों एवं मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि आरटीपीसीआर जांच के लिए पर्याप्त किट की व्यवस्था रखी जाए। निजी मेडिकल कॉलेजों को भी व्यवस्था रखने का निर्देश दिया जाए।

## दो दिन में 80 लाख महिलाओं ने किया बस में मुफ्त सफर

**लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसी)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर योगी सरकार की ओर से महिलाओं और उनके सहयात्रियों को दी गई निशुल्क बस यात्रा की सौगात का लाभ प्रदेशभर में बड़ी संख्या में यात्रियों को मिला। 28 अगस्त को ही 49.96 लाख से अधिक महिलाओं और उनके सहयात्रियों को बिना किराया दिए यात्रा का अवसर मिला। 29 अगस्त की शाम 5 बजे तक करीब 80 लाख महिलाएं व सहयात्री इस सुविधा का लाभ उठा चुके थे। आंकड़ों के बढ़ने का क्रम जारी है, निशुल्क यात्रा सुविधा शनिवार रात 12 बजे तक जारी रहेगी। परिवहन निगम के मुताबिक 27 अगस्त को 9.26 लाख से ज्यादा महिलाओं व सहयात्रियों ने योजना का लाभ उठाया। इनमें 6.03 लाख से अधिक महिलाएं और 3.22 लाख से ज्यादा सहयात्री शामिल रहे। पहले ही दिन प्रदेशभर में लोगों ने इसका भरपूर लाभ लिया और योगी सरकार की सराहना की। इसके बाद 28 अगस्त यानी रक्षाबंधन को निशुल्क यात्रा का लाभ लेने वालों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। इस दिन 49.96 लाख से ज्यादा निशुल्क टिकट जारी किए गए।

# मुरादाबाद में पुल टूटा, बाइक समेत पूरा परिवार बहा : मां-बेटे की मौत

### पति समेत 3 को बचाया; राखी बांधकर मायके से लौट रही थी

**मुरादाबाद, 29 अगस्त (एजेंसी)।** पुल टूटने से बाइक सवार एक परिवार के पांच लोग नदी में गिर गए। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि एक बेटा लापता है। ग्रामीणों ने पति और दो बच्चों को रेस्क्यू करके बचा लिया। हादसा शुक्रवार शाम 7:30 बजे तब हुआ जब महिला रक्षाबंधन में भाई को राखी बांधकर मायके से लौट रही थी। मझोला थाना क्षेत्र में मलकपुर स्थित चड्ढा में गागन नदी पर लकड़ी का एक छोटा पुल बना हुआ था। बाइक से परिवार इसी पुल को पार कर रहा था, तभी पुल की कुछ लकड़ियां टूट गईं। इससे बाइक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। चीख-पुकार मची तो आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। नदी में छलांग लगा दी। तेज बहाव में महिला और उसका एक बच्चा बह गया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम की मदद से मां-बेटे की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद गोताखोरों ने महिला के शव को बाहर निकाला। वहीं करीब 20 घंटे बाद बच्चे का शव भी बरामद कर लिया गया। छजलैट के महमूदपुर निवासी मजदूर अनिल जाटव (45) रक्षाबंधन पर पत्नी किरन (42), दो बेटों केशव (7)-प्रियांशु (3) और बेटी काफिया (5) के साथ कुंदरकी के नानपुर गांव स्थित ससुराल गया था। राखी के त्योहार के बाद वह परिवार को लेकर बाइक से लौट रहा था। जैसे ही बाइक मलकपुर स्थित लकड़ी के बने चड्ढा पुल पर पहुंची, अचानक पुल की तीन लकड़ियां टूट गईं। बाइक बेकाबू होकर डगमगाने लगी और फिर परिवार समेत गागन नदी में जा गिरी। परिवार मदद के लिए चिल्लाने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मलकपुर गांव से गोताखोरों को लेकर पहुंची। अनिल, केशव और काफिया को बचा लिया गया, जबकि किरन की मौत हो गई। प्रियांशु अब भी लापता है।

## पानीपत में द ग्रेट खली की गाड़ी की जीटी रोड पर हुई टक्कर

**पानीपत, 29 अगस्त (एजेंसी)।** शनिवार शाम को द ग्रेट खली की गाड़ी की हादसे का शिकार हो गई। ये हादसा पानीपत में जीटी रोड हुआ। गनीमत रही इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। ये हादसा तब हुआ जब खली कुरुक्षेत्र जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही खली के लिए दूसरी गाड़ी उपलब्ध कराई गई जिसके सवार होकर वो कुरुक्षेत्र की तरफ निकल गए।

## आज इन इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**मुजफ्फरनगर, 29 अगस्त (बु.)।** 30 अगस्त को शहर के कई इलाकों में करीब तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सूत्रों के अनुसार मिमलाना रोड स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी न्याजुपुरा फीडर पर आवश्यक काम कराया जाना है। इस कार्य के चलते सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 न्याजुपुरा फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप रहेगी।

## पीएम मोदी उज्बेकिस्तान पहुंचे, दो दिन का दौरा : कल किर्गिस्तान जाएंगे



**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसी)।** पीएम मोदी शनिवार शाम उज्बेकिस्तान पहुंचे। ताशकंद एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने मोदी का स्वागत किया। पीएम यहां दो दिन रहेंगे। द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसके बाद रविवार रात किर्गिस्तान रवाना होंगे। पीएम चार साल बाद सेंट्रल एशिया के दौरे पर आए हैं। वे किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की 26वीं समिट में भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत कई नेताओं के साथ मुलाकात कर सकते हैं।